हरिभूमि
# रायपुर भूमि







## घासीदास संग्रहालय कक्ष में आकर्षण का केंद्र राउत नाचा सुआ नृत्य की कलाकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के सुदूर अंचल की लोककला, संस्कृति और वहां के जनजीवन को करीब से जानने नई पीढ़ी उत्साहित है। अंचल के पारंपरिक पंथी नृत्य, डंडा नृत्य और सुआ नृत्य की सुंदर भावभंगिमा देखते ही बनती है। राजधानी के सिविल लाइन स्थित संस्कृति व पुरातत्व विभाग के संचालनालय परिसर स्थित संग्रहालय कक्ष में एक से बढ़कर एक कलाकृति आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है। इसे करीब से देखने और पर्व विशेष पर इसकी महत्ता को जानने विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थी, कला प्रेमी यहां पहुंच रहे हैं। लोक कलाकारों की पारंपरिक वेशभूषा और दुलर्भ वाद्य यंत्रों के साथ समूह नृत्य करते कलाकारों की अद्भुत कलाकृति सजीव जान पड़ती है। खासकर छुट्टियों के दिन राजधानी सहित आसपास के क्षेत्रों से विद्यार्थियों की टोली अपने शाला नायक के साथ कला दीर्घा का निरीक्षण करने पहुंचती है।

- अंचल की लोककला संस्कृति को करीब से जानने विद्यार्थी उत्साहित

## खबर संक्षेप

### सरिया लेकर फरार वाहन चालक गिरफ्तार

**रायपुर।** धरसींवा पुलिस ने अमानत में खयानत करने के मामले में फरार वाहन चालक को गिरफ्तार किया है। प्रार्थी देवेंद्र राय निवासी बिरगांव ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह ट्रांसपोर्टिंग का काम करता है। उसका स्वयं का टाटा वाहन है, जो वार्या कंपनी धनेली रायपुर में अटैच है। उसकी गाड़ी के चालक शफीक खान निवासी संजय नगर टिकरापारा 10 दिसंबर को वाहन में 15 लाख कीमत का 5 टन टीएमटी सरिया लोड कराकर डिलीवरी करने के लिए भेजा था, लेकिन माल लेकर फरार हो गया। पुलिस इस मामले में अपराध पंजीबद्ध कर उसे तलाश कर रही थी। इस दौरान मुखबिर की सूचना पर उसे गिरफ्तार किया है। पूछताछ पर उसने वाहन एवं सरिया को मांढर के पास छिपाकर रखना बताया, जिसे बरामद किया गया है।

### 21 मोडीफाइड साइलेंसरों पर चलाया बुलडोजर

**रायपुर।** पुलिस ने बुलेट वाहन से जब्त किए गए 21 मोडिफाइड साइलेंसरों पर बुलडोजर चलाकर उन्हें नष्ट कर दिया। आजाद चौक पुलिस ने मोटर व्हीकल एक्ट के



तहत 168 प्रकरणों में कार्रवाई करते हुए उनसे 7 लाख 44 हजार एक सौ रुपए का जुर्माना वसूल किया है। इस कार्रवाई के दौरान 18 प्रकरणों में वाहन में मोडीफाइड साइलेंसर लगाने वालों से 98 हजार रुपए एवं नाबालिग होकर वाहन चलाने के 6 प्रकरणों में 37 सौ रुपए का जुर्माना लगाया। पुलिस ने कार्रवाई के बाद रॉयल इनफील्ड बुलेट से निकाले गए 21 मोडिफाई साइलेंसरों पर बुलडोजर चलाकर उन्हें नष्ट किया।

### 25 लाख की धोखाधड़ी मामले में केस दर्ज

**रायपुर।** इंडिया न्यूज पेपर नामक लिंक भेजकर अच्छी कमाई का झांसा देकर करीब 25 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने के मामले में टिकरापारा पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी तेजस्विनी वर्मा मिलन चौक संजयनगर निवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 3 से 27 नवंबर के दौरान इंडिया न्यूज पेपर के धारक ने अच्छी कमाई का झांसा देकर उसके मोबाइल पर लिंक भेजा। इस लिंक के जरिए उसने अपने खाते में 24 लाख 95 हजार 267 रुपए ट्रांसफर कराए। राशि लेने के बाद धारक ने उसके साथ धोखाधड़ी की।

मास्टर प्लान में हुई गड़बड़ियों को सुधारने शासन ने कराई 6 बिंदुओं पर जांच

# नए मास्टर प्लान में 100 गलतियां, चार माह पहले रिपोर्ट, पर न सुधार हुआ और न लागू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के लिए पूर्व कांग्रेस शासन काल में लागू किए गए मास्टर प्लान 2031 को तैयार करने में थोक में गड़बड़ी की गई थी, जिसकी जांच राज्य सरकार कमेटी बनाकर करा चुकी है। इस कमेटी की जांच में सौ से अधिक गड़बड़ियां सही पाई हैं, जिसकी रिपोर्ट शासन के समक्ष करीब चार महीने लंबित है। इस रिपोर्ट के आधार पर गड़बड़ियों को सुधारकर संशोधित मास्टर प्लान लागू किया जाना है, लेकिन अब तक न ही गड़बड़ियों को सुधारा गया है और न ही संशोधित मास्टर प्लान लागू हो पाया है, जिसके कारण दावा-आपत्ति करने वाले कई लोगों की शिकायतों का निराकरण भी नहीं हो पा रहा है। इधर विभागीय ▶▶|शेष पेज 13 पर

हरिभूमि सरोकार

**कांग्रेस शासनकाल में लागू किया गया था मास्टर प्लान 2031**

### संशोधन मास्टर प्लान लागू से पहले दावा-आपत्ति मंगाने की कवायद

संशोधन मास्टर प्लान को लागू करने से पूर्व उन गड़बड़ियों को लेकर एक बार फिर दावा-आपत्तियां मंगाई जा सकती है, जो कमेटी की जांच रिपोर्ट में सामने आई है। इस संबंध में टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के डायरेक्टर सौरभ कुमार भी संकेत दे चुके हैं। हालांकि गड़बड़ियों की जांच होने के बाद भी अब तक दावा-आपत्तियों मंगाए जाने को लेकर कोई फरमान जारी नहीं हुआ है।



मास्टर प्लान-2031 में थोक में गड़बड़ी दोबारा दावा-आपत्ति मंगाने की तैयारी

### शासन को सौंपी जा चुकी जांच रिपोर्ट

मास्टर प्लान 2031 को तैयार करने में कई तरह की गड़बड़ियां हुई हैं, जो जांच में सही मिली हैं। कमेटी ने जांच रिपोर्ट शासन को सौंप चुकी है, जिस पर निर्णय लिया जाना है।

- **विनीत नायर,** संयुक्त संचालक टाउन एंड कंट्री प्लानिंग रायपुर

### इन 6 बिंदुओं पर की गई जांच

टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के अधिकारियों के अनुसार मास्टर प्लान 2031 में की गई गड़बड़ियों की जांच 6 बिंदुओं पर की गई है। इसके लिए कमेटी बनाई गई थी। इस कमेटी ने शिकायतों से लेकर सड़क, तालाब, लैंड यूज एवं असंगत-अकार्यक्षम भूमि के उपयोग संबंधित बिंदु पर जांच की। प्रारंभिक जांच में इन सभी बिंदुओं पर बड़ी गड़बड़ी पाई गई थी, जिसके आधार पर इन बिंदुओं पर कमेटी ने बारिकी से जांच की है, जिसकी शासन स्तर पर प्रेजेंटेशन भी हो चुका है। अब यह रिपोर्ट शासन के पास है, जिस पर अंतिम फैसला लिया जाना है।

### इस तरह की बड़ी गड़बड़ी उजागर

जांच रिपोर्ट में 2031 के लिए बनाए गए मास्टर प्लान में 28 से ज्यादा सड़कों की चौड़ाई कम कर दी गई है। इन सड़कों को चौड़ीकरण करने की योजना वर्ष 2011 में दस वर्ष के बाद जनसंख्या की आबादी का आकलन करते हुए मास्टर प्लान 2021 में शामिल किया गया था, लेकिन इसमें गड़बड़ी करते हुए सड़कों की चौड़ाई घटा दी गई है। इसी प्रकार नए मास्टर प्लान के नक्शे से करीब 12 तालाब गायब कर दिए गए हैं। इनमें शासकीय और निजी दोनों तालाब हैं। इन तालाबों की जगह कहीं बस्ती, तो कहीं आवासीय इलाका दर्शा दिया है। इसके अलावा रसूखदारों को फायदा पहुंचाने के लिए कई क्षेत्रों के लैंड यूज तक बदल दिए गए हैं।

## बादलों ने छह डिग्री तक बढ़ाया रात का पारा, दिन में महसूस हो रही ठंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से छाए बादलों की वजह से रात का तापमान सामान्य से छह डिग्री अधिक हो गया। दूसरी ओर छाए बादलों की वजह से दिन में हल्की ठंड महसूस होती रही। अगले दो दिन तक तापमान में थोड़ी गिरावट होने की संभावना है, इसके बाद फिर पारा ऊपर चढ़ने की गुंजाइश है।



दिसंबर के अंतिम दस दिनों में मौसम उतार-चढ़ाव वाला रहेगा, क्योंकि इस अवधि में आने वाले दो से तीन पश्चिमी विक्षोभ भारत के मौसम कों प्रभावित करने वाले हैं। वर्तमान में विक्षोभ की वजह से बादलों का दौर चल रहा था, जिसके कारण ठंड का प्रभाव कम हो गया है। प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में रात का तापमान सामान्य से अधिक हो चुका है। दूसरी ओर दिन के वक्त हवा की गति सामान्य से अधिक है और नमी के प्रभाव से बादल होने से हल्की ठंड का अहसास हो रहा है। बीते चौबीस घंटे में तो शहर का न्यूनतम तापमान सामान्य से छह ▶▶|शेष पेज 13 पर

**प्रमुख शहरों का न्यूनतम तापमान**

| | | |
|---|---|---|
| रायपुर | 19.1 | +6 |
| माना | 18.6 | +6 |
| बिलासपुर | 19.4 | +6 |
| पेंड्रा | 14.8 | +5 |
| अंबिकापुर | 12.5 | +4 |
| जगदलपुर | 17.0 | +7 |
| दुर्ग | 18.7 | +5 |

## साथ छोड़ रही आंबेडकर अस्पताल की सीटी स्कैन एमआरआई डीएसए मशीन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जांच का लोड ज्यादा होने की वजह से सीटी स्कैन, एमआरआई, डीएसए की पुरानी मशीन हर दूसरे दिन साथ छोड़ रही है। मरीजों की संख्या ज्यादा है, इसलिए जरूरत नयी मशीन की है। आयुक्त चिकित्सा शिक्षा द्वारा आंबेडकर अस्पताल के रेडियोडायग्नोसिस विभाग की समीक्षा बैठक में यह बातें सामने आईं। सीएमई ने जरूरी उपकरणों की सूची बनाने के निर्देश दिए। आयुक्त चिकित्सा शिक्षा किरण कौशल ने शुक्रवार को मेडिकल कालेज के बोर्ड रूम में ▶▶|शेष पेज 13 पर

- मरीजों को हो रही दिक्कत, रेडियोडायग्नोसिस विभाग की सीएमई ने ली समीक्षा बैठक

### छात्रों के बारे में फीडबैक

बैठक के दौरान चिकित्सा शिक्षा आयुक्त ने विभाग के चिकित्सा शिक्षकों के साथ पीजी थर्ड ईयर के छात्रों से शैक्षणिक गतिविधियों के संबंध में फीडबैक लिया। आवश्यकता के अनुसार सुधार के लिए उन्होंने इसके पूर्व सर्जरी और पीडियाट्रिक विभाग की समीक्षा बैठक ले चुकी है। रेडियोडायग्नोसिस विभाग की बैठक के दौरान मेडिकल कालेज के डीन डा. विवेक चौधरी तथा चिकित्सा अधीक्षक डा. संतोष सोनकर मौजूद थे।

## मच्छर उन्मूलन के लिए चाहिए फंड, ननि राज्य शासन को भेजेगा प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मच्छरों पर काबू पाने के लिए नगर निगम के पास फंड का टोटा है। इसके लिए स्वास्थ्य महकमा जल्द प्रस्ताव बनाकर राज्य शासन के पास राशि की मांग करेगा। पूर्व में तीन माह के लिए दुर्ग की एजेंसी को 70 वार्ड में एक साथ फागिंग से लेकर एंटी लार्वा छिड़काव का दिया गया ठेका इसी माह समाप्त हो रहा है। यह कार्य ट्रायल के रूप में दिया गया। पुरानी एजेंसी का काम आगे बढ़ाया जाए ▶▶|शेष पेज 13 पर

- दुर्ग की एजेंसी का 3 माह का ठेका इसी माह हो रहा समाप्त

### प्रस्ताव जाएगा

मच्छर उन्मूलन कार्य के लिए राज्य शासन के पास प्रस्ताव बनाकर भेजा जाएगा, साथ ही इसके लिए आवश्यक फंड की राशि उपलब्ध कराने मांग की जाएगी। पॉयलट प्रोजेक्ट दिसंबर में पूरा हो रहा है।

- **डॉ. तृप्ति पाणिग्रही,** स्वास्थ्य अधिकारी, नगर निगम रायपुर

### एमआईसी में सदस्यों ने किया था विरोध

मच्छर उन्मूलन के कार्य को लेकर महापौर एजाज ढेबर की अध्यक्षता में हुई एमआईसी की बैठक में स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष नागभूषण राव ने इस बात पर आपत्ति जताई कि बिना एमआईसी में प्रस्ताव लाए शहर के 70 वार्डों में मच्छर उन्मूलन का ठेका किस आधार पर दिया गया? पॉयलट प्रोजेक्ट के तहत यह काम शहर के केवल कुछ वार्डों में ट्रायल बतौर सदस्यों से चर्चा के बाद होना था, पर ऐसा न करके 70 वार्डों में एक साथ यह प्रोजेक्ट कैसे लाया गया। अनुबंधित एजेंसी के कार्य की गुणवत्ता से भी विभाग अध्यक्ष संतुष्ट नहीं थे। महापौर एजाज ढेबर ने इस ठेके को ▶▶|शेष पेज 13 पर




खमतराई थाना क्षेत्र की घटना, पुलिस कर रही जांच

# पिता की मौत से दुखी दो सगी बहनें ट्रेन के सामने कूदीं, बड़ी बहन की मौत, छोटी घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खमतराई थाना क्षेत्र में दो बहनें अपने पिता की मौत सहन नहीं कर पाईं और इस गम में ही ट्रेन के सामने कूद गईं। हादसे में बड़ी बहन की मौत हो गई, वहीं छोटी बहन की हालत अब खतरे से बाहर बताई जा रही है। घटना 20 दिसंबर की देर शाम की है।

खमतराई पुलिस के अनुसार, गुढ़ियारी निवासी विजय अग्रवाल की दो बेटियां और एक बेटा है। विजय की पिछले कई महीनों से तबीयत खराब चल रही थी, जिसे उसके परिवार वालों ने एम्स हास्पिटल में दाखिल कराया था। इलाज के दौरान गुरुवार को उसकी मौत हो गई।

- बीमार पिता का एम्स में चल रहा था इलाज
- शनिवार को मौत के बाद गमगीन होकर बेटियों ने उठाया गलत कदम



### सहन नहीं कर पाईं पिता की मौत का गम

पिता की मौत से आहत उसकी दोनों बेटियां यह गम सहन नहीं कर पाईं और इससे दुखी होकर शाम के समय दोनों आत्महत्या करने के इरादे से डब्ल्यूआरएस पैराडाइज के सामने रेलवे ट्रैक पर जा पहुंचीं। उस समय ट्रैक पर से एक ट्रेन गुजर रही थी, जिसके सामने दोनों बहनें कूद गईं। इस घटना के बाद दोनों बहनों को पुलिस के मदद से अस्पताल पहुंचाया गया, जहां फूलदेवी की मौत हो गई, वहीं आंचल इलाज के बाद खतरे से बाहर है। पुलिस इस मामले में मर्ग कायम कर आगे की कार्यवाही कर रही है।

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री आज नई दिल्ली जाएंगे

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 22 दिसम्बर को नई दिल्ली प्रवास पर रहेंगे। जारी कार्यक्रम के अनुसार



मुख्यमंत्री दोपहर 2.15 बजे स्वामी विवेकानंद विमानतल माना रायपुर से नियमित विमान से दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे। मुख्यमंत्री संध्या 4.40 बजे छत्तीसगढ़ सदन पहुंचेंगे और रात्रि विश्राम वहीं करेंगे। दिल्ली में निवेशक सम्मेलन में निवेशकों से चर्चा करेंगे। सम्मेलन में बस्तर में परिवर्तन की संभावनाओं पर चर्चा की जाएगी।

### महापौर ढेबर ने किया सामुदायिक भवन लोकार्पण



**रायपुर।** नगर निगम जोन 4 क्षेत्र स्थित मौलाना अब्दुल रऊफ वार्ड में महापौर एजाज ढेबर ने शनिवार को महापौर निधि से निर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। 50 लाख की लागत से वार्डवासियों के लिए सर्व सुविधा सामुदायिक भवन जरूरतमंदों को किफायती किराये में अब बिना किसी दिक्कत के वार्ड में आसानी से उपलब्ध होगा। मौलाना अब्दुल रऊफ़ वार्ड के लाल गंगा शॉपिंग मॉल के पीछे राजीव आवास परिसर में महापौर एजाज़ ढेबर ने वार्डवासियों को सामुदायिक भवन की सौगात दी। इस मौके पर बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

### सेजबहार धान केंद्र में किसानों का सम्मान



रायपुर। राजधानी रायपुर के सेजबहार स्थित ग्रामीण सेवा सहकारी समिति मर्यादित शाखा भाठागांव में सुशासन दिवस पर समिति स्तर के किसानों का गमछा व श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक नंदकुमार साहू शामिल हुए। कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि सरकार भारती की प्रदेशाध्यक्ष डा. लक्ष्मी द्विवेदी, सहकारिता प्रकोष्ठ संयोजक नीलम सिंह, संयोजक ग्रामीण केशवराम वर्मा सहित अन्य अतिथिगण मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालक पूर्व शाखा प्रबंधक रमेश शर्मा एवं आभार व्यक्त समिति प्रबंधक विजय ठाकुर ने किया।

### यूथ कांग्रेस कल करेगी सीएम हाउस घेराव, दिग्गज नेता भी होंगे शामिल



**रायपुर।** युवा कांग्रेस छत्तीसगढ़ में बढ़ते अपराध और नशाखोरी को लेकर रायपुर में बड़ा प्रदर्शन करने जा रही है। यूथ कांग्रेस प्रदेश प्रभारी शेषनारायण ओझा ने कहा, नशा और अपराध को लेकर यूथ कांग्रेस 23 दिसंबर को सीएम हाउस का घेराव करेगी। यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भान सिंह के नेतृत्व में प्रदर्शन होगा। राजीव भवन में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए श्री ओझा ने कहा, 24 दिसंबर को बिलासपुर में नशे के खिलाफ हॉफ मैराथन का आयोजन किया जाएगा। यूथ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा ने कहा, 23 दिसंबर को सीएम हाउस घेराव में पूर्व सीएम भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष, पीसीसी चीफ दीपक बैज समेत सभी प्रमुख नेता और प्रदेशभर से हजारों की संख्या में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता शामिल होंगे। गांधी मैदान पर सुबह 11 बजे पहले सभा होगी, फिर सीएम हाउस घेराव करने निकलेंगे।

### धनसेरा एनीकट निर्माण के लिए 4.67 करोड़ स्वीकृत

**रायपुर।** राज्य शासन ने कांकेर जिले के विकासखंड नरहरपुर की पैरी नदी पर धनसेरा एनीकट निर्माण के लिए चार करोड़ 67 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं।

# किसानों का बोनस ऑडिट रिपोर्ट में फंसा, कहीं पेड़-कहीं कुंआ अधिग्रहित जमीन की रजिस्ट्री के समय नहीं दर्शाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नया रायपुर के किसानों से सालों पहले अधिग्रहण की गई जमीन के मुआवजे के रूप में हर साल सैकड़ों किसानों को उनकी अधिग्रहित जमीन के रकबे के अनुसार बोनस दिया जा रहा है, लेकिन पिछले दो साल से करीब डेढ़ से दो सौ किसानों को बोनस मिला नहीं है। प्रभावित किसानों का कहना है कि एनआरडीए की गलती के कारण उन्हें बोनस की राशि मिल नहीं पा रही है। एनआरडीए ने अधिग्रहित जमीनों की रजिस्ट्री के समय कई किसानों की जमीनों पर लगे पेड़ों और कुंओं को दर्शाया नहीं, जिसके कारण ऑडिट रिपोर्ट में इन किसानों को अतिरिक्त राशि का भुगतान कर दिया गया है, बताकर बोनस की राशि रोक दी गई है। इस मामले में हरिभूमि ने कुछ किसानों से भी बातचीत की, जिन्हें दो साल से बोनस नहीं मिल पाया है। उनका यही कहना है कि एनआरडीए के अधिकारी इस मामले में ऑडिट रिपोर्ट का बहाना बनाकर कुछ भी कहने से बच रहे हैं।

## एनआरडीए की लापरवाही से कई किसानों को सालाना मिलने वाला बोनस दो साल से अटका

**केस 1**

ग्राम बंजारी निवासी किसान सुरेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि उसकी डेढ़ और ढाई एकड़ की अलग-अलग जगह कुल चार एकड़ जमीन को एनआरडीए ने अधिग्रहण किया है। इसके एवज में हर साल उसे डेढ़ एकड़ जमीन के बदले 33 हजार रुपए और ढाई एकड़ जमीन के एवज में 64 हजार रुपए मिलते थे, लेकिन पिछले दो साल से 64 हजार रुपए की किस्त उसे नहीं मिली है। उन्होंने बताया कि इस बारे में जब वे एनआरडीए अधिकारी से मिले, तो उनका यही कहना है कि रजिस्ट्री के दौरान उसकी जमीन पर कुंआ और पेड़ को दर्शाया नहीं गया था, जिसके कारण ऑडिट रिपोर्ट में मुआवजा के रूप में अतिरिक्त राशि का भुगतान करना दिखा रहा है। इस कारण से उसका सालाना बोनस रोक दिया गया है।




**केस 2**

बंजारी गांव ही रहने वाले किसान गणेशराम ध्रुव ने उसकी जमीन भी एनआरडीए ने अधिग्रहित की थी। इसके एवज में हर साल बोनस के रूप में उसे 64 हजार रुपए मिलता था, लेकिन पिछले दो साल से उसके खाते में बोनस की राशि नहीं आ रही है। इसे लेकर उन्होंने जब एनआरडीए दफ्तर जाकर पता लगाया, तो पता चला कि ऑडिट रिपोर्ट में मुआवजा राशि में अतिरिक्त राशि का भुगतान करना बता रहा है। उसकी जमीन पर पेड़ लगे थे, जिसे रजिस्ट्री के समय एनआरडीए ने दर्शाया नहीं था। इसके कारण अब उसकी सालाना बोनस राशि ही रोक दी गई है।

### डेढ़ से दो सौ किसानों की बोनस राशि अटकी

बोनस नहीं मिलने से परेशान किसानों ने बताया कि नया रायपुर के गांव के डेढ़ से सौ सौ किसानों को पिछले दो साल से बोनस राशि नहीं मिल पाई है। मन्नू ध्रुव, रामेश्वर ध्रुव सहित ऐसे सैकड़ों किसान हैं, जिनकी बोनस की राशि ऑडिट के नाम पर अटका दी गई है।

## सामान्य या पिछड़ा वर्ग से पर्ची निकली तो महापौर पद के लिए टिकट मांगेंगे : नागभूषण राव

# महापौर पद के आरक्षण पर टिकी नजर, भाजपा और कांग्रेस के दर्जनभर दिग्गज की दावेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

निगम के 70 वार्डो के आरक्षण की लाटरी निकलने के बाद अब महापौर पद के आरक्षण पर भाजपा और कांग्रेस पार्टी के दिग्गजों की नजर टिकी हुई है। महापौर एजाज ढेबर ने साफ कह दिया है कि पार्षद का चुनाव लड़ने की बिलकुल इच्छा नहीं है। महापौर पद के लिए आरक्षण सामान्य वर्ग के लिए रहा, तो महापौर पद का चुनाव लडूंगा। उनका ये भी कहना है, पार्टी में संगठन की अहम भूमिका होती है, संगठन तय करेगा उन्हें क्या भूमिका देनी है।

एमआईसी सदस्य श्रीकुमार मेनन के मुताबिक पार्टी का आदेश सर्वोपरि है, पार्टी को यदि महापौर का योग्य उम्मीदवार लगता हूं, तो महापौर चुनाव जरूर लडूंगा। पूर्व सभापति प्रफुल्ल विश्वकर्मा को 100 फीसदी उम्मीद है कि इस बार महापौर का पद ओबीसी का रहेगा, इसलिए वे महापौर पद की दावेदारी करेंगे। हरिभूमि ने महापौर पद के चुनाव को लेकर वरिष्ठ पार्षदों से नगरीय निकाय चुनाव में उनकी मंशा को लेकर बातचीत की। इसमें प्रतिभागियों ने खुलकर अपने मन की बात की।



### नहीं लडूंगा पार्षद चुनाव : ढेबर

महापौर एजाज ढेबर ने कहा पार्षद चुनाव लड़ने की बिलकुल इच्छा नहीं। पार्टी संगठन तय करेगा उनकी क्या भूमिका रहेगी। महापौर पद सामान्य रहा तो इसके लिए चुनाव लडूंगा।

### सामान्य या ओबीसी रहा, तो मेयर के दावेदारी : नागभूषण

एमआईसी सदस्य नागभूषण राव ने कहा, नगर निगम चुनाव में इस बार महापौर पद सामान्य या पिछड़ा वर्ग के लिए परची निकलती है तो पार्टी से मेयर पद के लिए टिकट मांगेंगे। जनता से जुड़े है इसलिए यतियतन लाल वार्ड से पार्षद के रूप में जनता से जुड़ने की इच्छा है।

### महापौर पद के लिए करेंगे कोशिश : प्रमोद दुबे

पूर्व महापौर और निगम सभापति प्रमोद दुबे के मुताबिक महापौर पद सामान्य वर्ग के लिए रहा तो महापौर पद की टिकट पर चुनाव के लिए कोशिश करेंगे। पार्टी का निर्णय मान्य होगा।

### महापौर या पार्षद जिसमें आदेश मिले : श्रीकुमार मेनन

वरिष्ठ एमआईसी सदस्य श्रीकुमार मेनन ने कहा महापौर पद सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित रहने पर पार्टी यदि उन्हें महापौर पद का चुनाव लड़ने आदेश करती है तो वे जरूर चुनाव लड़ेंगे। महापौर या पार्षद जिसमें आदेश मिले शिरोधार्य होगा।

### महापौर का लडूंगा चुनाव : सतनाम पनाग

मेयर का पद सामान्य के लिए सुरक्षित होने पर महापौर का चुनाव लडूंगा। यदि ऐसा नहीं हुआ तो अपने पुराने वार्ड शहीद ब्रिगेडियर उस्मान वार्ड से पार्षद चुनाव लड़ने की मंशा है।

### पार्टी मौका दे तो महापौर का चुनाव लडूंगा : आकाश तिवारी

एमआईसी सदस्य आकाश तिवारी ने कहा पार्टी मौका देती है तो वे महापौर चुनाव लड़ने से नहीं चूकेंगे। पार्षद के रूप में पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड से 5 साल तक जनता की सेवा की उसे निरंतर जारी रखने की इच्छा है।

### भाजपा के वरिष्ठ पार्षदों ने ये कहा

पूर्व उपनेता प्रतिपक्ष रमेश ठाकुर के मुताबिक वामनराव लाखे वार्ड सामान्य के लिए सुरक्षित है, लेकिन महापौर आरक्षण की स्थिति के बाद पार्टी का निर्णय सर्वमान्य होगा। जो भी दायित्व उन्हें पार्टी संगठन देगी निर्वहन करेंगे।

### ओबीसी की 100 फीसदी उम्मीद : प्रफुल्ल विश्वकर्मा

दो बार निगम के सभापति रहे चुके आरडीए के पूर्व उपाध्यक्ष प्रफुल्ल विश्वकर्मा को पूरी उम्मीद है इस बार महापौर पद ओबीसी के लिए सुरक्षित रहेगा। ऐसा हुआ तो वे महापौर पद का चुनाव लड़ेंगे। यदि सामान्य वर्ग के लिए रहा तो भी दावेदारी रहेगी। नगरीय निकाय के कार्यों का विशेष अनुभव होने के साथ ही भाजपा के नगर निगम प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक प्रफुल्ल विश्वकर्मा इस बार बड़ा लक्ष्य लेकर चल रहे हैं। इसी तरह भाजपा के वरिष्ठ नेता सुभाष तिवारी, पूर्व नेता प्रतिपक्ष सूर्यकांत राठौर, जोन अध्यक्ष डॉ. प्रमोद साहू पार्टी के आदेश पर महापौर चुनाव लड़ने तैयार हैं।

# कांग्रेस संगठन में 50 प्रतिशत जिला अध्यक्षों को बदला जाएगा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगरीय निकाय चुनाव से पहले कांग्रेस अपने संगठन में बदलाव कर सकती है। कांग्रेस ने अपनी फाइनल सूची तैयार कर ली है। सूची में 50 फीसदी से ज्यादा जिला अध्यक्षों को बदला जा सकता है। पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज के बनने के बाद नई कार्यकारिणी की घोषणा नहीं की गई थी।

सूत्रों के अनुसार संगठन ने बदलाव के लिए होमवर्क पूरा कर लिया है। संगठन में बदलाव को लेकर पूरे प्रदेश में प्रभारी सचिवों की बैठक हो चुकी है। छत्तीसगढ़ प्रदेश संगठन में बदलाव को लेकर शीर्ष नेतृत्व ने अपनी सहमति दे दी है। प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट ने पहले ही प्रदेश नेतृत्व को हाईकमान के फैसले की जानकारी दे दी थी। माना जा रहा है कि नई लिस्ट में कांग्रेस के 50 फीसदी जिला अध्यक्षों को बदला जा सकता है। नगरीय निकाय चुनाव से पहले लिस्ट जारी कर कांग्रेस डैमेज कंट्रोल की भी कोशिश करेगी।

कांग्रेस को विधानसभा और लोकसभा चुनाव में हार का सामना करना पड़ा था। हार के बाद समीक्षा की गई थी। समीक्षा में यह पाया गया कि संगठन के पैमाने में जो नेता बैठ नहीं रहा, उसे पद से हटाया जाए। हार की समीक्षा के दौरान कई जिलों में इसकी भी शिकायत आई थी कि चुनाव के समय जिला अध्यक्षों की भूमिका समिति थी जिस कारण से पार्टी को नुकसान हुआ।

### युवा चेहरों को मौका

प्रदेश कांग्रेस संगठन अब पुराने चुनाव अनुभव से सबसे लेते हुए ऐसे लोगों को जिम्मेदारी देने जा रही है, जो लोग फील्ड में एक्टिव हैं और संगठन के पैमाने पर काम कर रहे हैं। संगठन ने जो सूची तैयार की है, उसमें युवा चेहरों को भी मौका दिया गया है। नगरीय निकाय चुनाव को देखते हुए कहा जा रहा है कि सूची महीने के अंत में जारी हो सकती है।

### डेढ़ साल से नई टीम की घोषणा नहीं

दीपक बैज जुलाई 2023 में प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष बने थे। मोहन मरकाम की जगह उन्हें पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया था। दीपक बैज के कार्यकाल को डेढ़ साल का वक्त हो गया है लेकिन नई टीम की घोषणा नहीं की गई है। अब जल्द ही नई टीम की घोषणा की जा सकती है। बताया जाता है कि पिछले दिनों उन्होंने दिल्ली में कांग्रेस के नेताओं से मुलाकात की थी। अब वे आज-कल में दिल्ली रवाना होकर सूची में आलाकमान की अनुमति लेकर लौटेंगे।

# आईएमए भवन निर्माण के लिए सरकार देगी एक करोड़



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कालीबाड़ी के पास 12 हजार वर्गफीट में आईएमए का भवन बनाने के लिए प्रदेश सरकार की तरफ से एक करोड़ देने की सहमति दी है। भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के डॉ. विमल चोपड़ा ने बताया, डॉक्टरों के एक प्रतिनिधिमंडल ने स्वास्थ्य मंत्री से मुलाकात कर इस संबंध में चर्चा की।

सभी चिकित्सकों ने बताया, रायपुर आईएमए को पूर्ववर्ती भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने काली बाड़ी चौक में करीब 12000 फीट जमीन का आबंटन किया था। अब इसमें राजधानी की गरिमा के अनुकूल आईएमए भवन का निर्माण हो ऐसी प्राथमिकता से कार्य करने की योजना है। आईएमए की इच्छा है कि भवन में सेमिनार हॉल जिम व रिक्रिएशन हॉल हो और प्रदेश व प्रदेश के बाहर से आने वाले आईएमए के सदस्यों के रुकने के लिए 10 कमरे व 24 घंटे कैंटीन की व्यवस्था हो। शहर में सभी विषयों का सेमिनार व सम्मेलन आईएमए भवन में ही हो, जिसमें उन्हें रियायती दरों पर भवन उपलब्ध हो। स्वास्थ्य मंत्री से डॉ कुलदीप सोलंकी ने आईएमए भवन के निर्माण के लिए सहयोग की मांग की।

# विधायक सोनी ने मठपुरैना क्षेत्र में विकास कार्यों का किया भूमिपूजन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी ने शनिवार को डॉ० श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड स्थित मठपुरैना क्षेत्र में रावतपुरा फेस-1 के सड़क डामरीकरण कार्य का भूमिपूजन किया। श्री सोनी ने कहा, विकास कार्यों में कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

भूमिपूजन अवसर पर उन्होंने कहा, केन्द्र तथा राज्य सरकार की योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने के लिए भारतीय जनता पार्टी संकल्पित है। नगर निगम के विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए सुनील सोनी ने कहा, नाली, सफाई, पानी और लाइट जैसे मूल कार्य समय पर होना चाहिए।

इस अवसर पर वार्ड पार्षद एवं एमआईसी सदस्य सतनाम पनाग, मोनिका साहू, बिहारीलाल साहू, महामंत्री राकेश सिंह, शहीद चंद्रशेखर आजाद वार्ड पार्षद सावित्री-जयमोहन साहू, किरण साहू, मंडल अध्यक्ष महेश शर्मा, महेन्द्र दुबे सहित गणमान्य नागरिक व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सभी जिलों में बनेंगे भाजपा के नए जिलाध्यक्ष रायशुमारी कर सर्वसम्मति से नाम होगा तय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा के संगठन चुनाव में मंडल अध्यक्षों के चुनाव के बाद अब सोमवार से जिलाध्यक्षों के चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ होगी। इस समय मंडल अध्यक्षों का चुनाव चल रहा है। अब तक साढ़े तीन सौ से ज्यादा मंडलों के अध्यक्षों का चुनाव हो गया है। सभी स्थानों पर सर्वसम्मति से ही अध्यक्ष बनाए गए हैं। रविवार तक सभी मंडलों के अध्यक्षों का चुनाव हो जाएगा। 476 में से 440 मंडलों का ही अभी चुनाव होगा, बचे मंडलों का चुनाव बाद में होगा। प्रदेश संगठन ने अपने सभी 35 जिला संगठनों में नए अध्यक्ष बनाने का फैसला किया है। यहां पर एक नाम पर सहमति बनाकर सर्वसम्मति से चुनाव होगा। कहीं भी मतदान की स्थिति आने ही नहीं दी जाएगी।

भाजपा के संगठन चुनाव बीते माह से चल रहे हैं। सबसे पहले प्रदेश के 24 हजार से ज्यादा बूथों में

**कल से प्रारंभ होगा चुनाव की प्रक्रिया**



बूथ कमेटियों का गठन किया गया है। एक-एक बूथ में 25-25 सदस्यों की कमेटी बनी है। किसी बूथ में अध्यक्ष के लिए चुनाव नहीं कराया गया, सभी स्थानों पर सहमति से अध्यक्ष बने हैं। इसके बाद मंडल अध्यक्षों का भी चुनाव लगातार सर्वसम्मति से हो रहा है। मंडलों से लिए तीन-तीन नामों का पैनल तय करने के बाद एक नाम पर सहमति बनाकर मंडल अध्यक्ष बनाए गए हैं। बचे मंडलों के लिए भी यही किया जा रहा है। करीब 35 मंडलों में अलग-अलग कारणों से अभी चुनाव नहीं कराए जा रहे हैं।

### रायशुमारी कर बनेंगे जिलाध्यक्ष

प्रदेश संगठन ने अपने सभी 35 संगठन जिलों में नए अध्यक्ष बनाने का फैसला किया है। प्रदेश में 33 जिले हैं, लेकिन भाजपा के इससे दो ज्यादा संगठन जिले हैं। रायपुर में जहां रायपुर शहर और ग्रामीण जिला है, वहीं दुर्ग में भिलाई अलग जिला है। जिलाध्यक्षों के चुनाव के लिए जिलों के मंडलों की संख्या के हिसाब से मतदाता तय होते हैं। जैसे रायपुर में अब 20 मंडल हो गए हैं तो यहां पर एक मंडल अध्यक्ष और एक मंडल प्रतिनिधि को मिलाकर 40 मतदाता हैं। मतदान की स्थिति में इनको ही मतदान का अधिकार होगा, लेकिन संगठन किसी भी हाल में मतदान नहीं चाहता है। तीन-तीन नामों का पैनल बनेगा। इसके बाद जिलों में रहने वाले प्रदेश और राष्ट्रीय संगठन के पदाधिकारियों, सांसद, विधायकों से रायशुमारी करके एक नाम तय किया जाएगा और बचे दावेदारों को तय नाम पर सहमत कराया जाएगा।

## मुख्यमंत्री साय, सभी मंत्री, सांसद, विधायक और प्रदेश के पदाधिकारियों के साथ होगा मंथन


# आएंगे शिवप्रकाश, नितिन नवीन, निकाय और संगठन चुनाव पर बनेगी रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में होने वाले नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव को लेकर अब तक कोई फैसला नहीं हो सका है। इस बीच अब भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश और प्रदेश के प्रभारी नितिन नवीन 24 दिसंबर को आ रहे हैं।

कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, मंत्रिमंडल के सभी मंत्री, विधायक, सांसद और प्रदेश के पदाधिकारियों के साथ सबसे अहम नगरीय निकाय चुनाव पर रणनीति बनेगी। इस बैठक के बाद संभावना है कि प्रदेश सरकार नगरीय निकाय और पंचायत चुनावों को लेकर कोई फैसला करेगी। बैठक में संगठन चुनाव को लेकर भी चर्चा होगी। भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं के साथ लगातार बैठकों के दौर के





बाद ही प्रदेश की सरकार ने नगरीय निकाय चुनाव में महापौर और पालिका अध्यक्षों का चुनाव प्रत्यक्ष कराने का फैसला किया और इसका संशोधन विधेयक भी पारित हो गया है, लेकिन अब तक नगरीय निकाय चुनाव कब होंगे, इस पर फैसला नहीं हो सका है। इसको लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। इस बीच अब भाजपा की बड़ी बैठक होने वाली है।

### संगठन चुनाव पर होगी चर्चा

भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश को संगठन चुनाव के लिए छत्तीसगढ़ का पर्यवेक्षक भी बनाया गया है। उनको बीते माह यहां आना था, लेकिन तब यहां हुई बैठक में वे नहीं आ सके थे, लेकिन अब आ रहे हैं। वे यहां पर संगठन चुनाव को लेकर प्रदेश के संगठन चुनाव प्रभारी, जिलों के चुनाव प्रभारियों के साथ बैठक करेंगे। उनके सामने अब तक हुए चुनाव को लेकर रिपोर्ट रखी जाएगी। जहां बूथों में कमेटियों का गठन हो गया है, वहीं मंडलों के चुनाव भी तब तक पूरे हो जाएंगे। इसके बाद जिलाध्यक्षों का चुनाव होना है।

### निकाय चुनाव पर होगा मंथन

भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश और प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन 24 दिसंबर को यहां पहुंच रहे हैं। उनके आने के बाद दो दिनों तक लगातार बैठकों का दौर चलेगा। इसमें नगरीय निकाय को लेकर अहम मंथन होगा। बैठक में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, दोनों डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा, सभी मंत्री, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश के संगठन महामंत्री पवन साय, सभी महामंत्री और अन्य पदाधिकारियों के साथ सभी सांसदों, विधायकों के साथ भी बैठकें होंगी। इसमें नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव को लेकर मंथन होगा। प्रदेश सरकार की मंशा दोनों चुनाव एक साथ कराने की है। लेकिन इस पर अब तक फैसला नहीं हो सका है। संभावना है कि दो दिनों की बैठक के बाद दोनों चुनावों को लेकर प्रदेश सरकार बड़ा फैसला कर सकती है।

# आईएसएफआर में छत्तीसगढ़ के वन एवं वृक्ष आवरण में वृद्धि, देश में प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय वन सर्वेक्षण रिपोर्ट (आईएसएफआर) 2023 के अनुसार छत्तीसगढ़ ने संयुक्त वन एवं वृक्ष आवरण वृद्धि में देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। भारतीय वन सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार छत्तीसगढ़ का कुल वन आवरण क्षेत्र 55,812 वर्ग किलोमीटर है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, यह महत्वपूर्ण उपलब्धि वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के सतत संरक्षण और समर्पित प्रयासों का परिणाम है। साथ ही यह प्रदेशवासियों की जागरूकता और पर्यावरण के प्रति उनकी जिम्मेदारी को दर्शाता है, जो छत्तीसगढ़ को हरित और समृद्ध बनाने में योगदान दे रहे हैं। यह उपलब्धि स्थानीय समुदायों की भागीदारी और संरक्षण कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन का परिणाम है।

### 1445 किमी की वृद्धि

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2021 की तुलना में देश के वन और वृक्ष आवरण में 1445 वर्ग किमी की वृद्धि हुई है, जिसमें वनावरण में 156 वर्ग किमी और वृक्ष आवरण में 1289 वर्ग किमी की वृद्धि शामिल है। वन एवं वृक्ष आवरण में अधिकतम वृद्धि दर्शाने वाले शीर्ष चार राज्य छत्तीसगढ़ (684 वर्ग किमी), उत्तरप्रदेश (559 वर्ग किमी), ओडिशा (559 वर्ग किमी) और राजस्थान (394 वर्ग किमी) है।

# जीवित महिला को मृत बताकर सौ करोड़ की जमीन का फर्जीवाड़ा, एक और गिरफ्तारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

मंदिर हसौद थाना क्षेत्र के नवा रायपुर, तांदुला स्थित सौ करोड़ रुपए से ज्यादा कीमत की जमीन के फर्जीवाड़ा मामले में पुलिस ने शनिवार को एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। जमीन फर्जीवाड़ा मामले में पुलिस ने अब तक तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। भिलाई सुपेला निवासी अनवर आलक को पूर्व में ही गिरफ्तार किया जा चुका है। एक सप्ताह पूर्व रविवार को पुलिस ने मध्यप्रदेश, नरसिंगपुर निवासी रजनीश जैन के बाद टिकरापारा, दावड़ा कालोनी निवासी संजय जैन को गिरफ्तार किया है।

दिल्ली में रह रही कमलेश जैन ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर उनकी 12.990 हेक्टेयर जमीन कब्जा कर बेचने की थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जालसाजों ने महिला को मृत बताकर उनके रिश्तेदार बन कर फर्जी दस्तावेज तैयार किया और जमीन अपने नाम नामांतरण करने तहसील कार्यालय में आवेदन पेश किया था। तहसीलदार ने जालसाजों द्वारा पेश नामंतरण आवेदन को छह अगस्त को खारिज कर दिया। जालसाजी की घटना में आधा दर्जन से ज्यादा लोगों के शामिल होने की पुलिस को आशंका है।

## जमीन मालिक की हमनाम मृत महिला के रिश्तेदारों ने की थी फर्जीवाड़ा

**खास बातें**

- एक वर्ष पूर्व मंदिर हसौद थाने में महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी
- मामले में पुलिस ने अब तक तीनों लोगों को किया गिरफ्तार




### अपने मृत रिश्तेदार का मृत्यु प्रमाणपत्र किया पेश

नरसिंगपुर निवासी रजनीश जैन की बहन का नाम भी कमलेश जैन है, जिनकी पूर्व में ही मृत्यु हो चुकी है। इसी दौरान संजय को नवा रायपुर में कमलेश जैन के नाम पर करोड़ों की जमीन होने की जानकारी मिली। संजय मृत कमलेश जैन का मामा ससुर है। संजय ने रजनीश के साथ मिलकर जमीन कब्जा करने प्लानिंग की और जमीन दलालों के साथ मिलकर फर्जीवाड़ा को अंजाम दिया। जमीन की असल वारिश को उनके नाम की जमीन का फर्जी वसीयतनामा तैयार किए जाने की जानकारी मिली। इसके बाद उस महिला ने थाने में फर्जीवाड़ा की शिकायत दर्ज कराने के साथ तहसील कार्यालय में आपत्ति दर्ज कराई।

## खबर संक्षेप



### अनुपम गार्डन में मनाया विश्व ध्यान योग दिवस

रायपुर। पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के संस्थापक स्वामी रामदेव महाराज के निर्देशानुसार संस्था द्वारा अनुपम गार्डन में शनिवार को विश्व ध्यानयोग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पतंजलि योग समिति के योगाचार्य, योग शिक्षक और योग साधक-साधिकाओं ने ध्यानयोग किया। साथ ही ओम ओम की ध्वनि से अनुपम गार्डन गुंजायमान हुआ। यह ध्यानयोग का कार्यक्रम सह राज्य प्रभारी पतंजलि योग समिति के सहायक प्राध्यापक छबिराम साहू द्वारा संपन्न कराया गया। योगाचार्य छविराम साहू ने अवंति विहार, वृंदावन गार्डन आदि स्थानों में भी योगाभ्यास कराया गया। योग कक्षा में महिलाओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। डाइट के प्राचार्य बीएल देवांगन ने विश्व ध्यानयोग दिवस पर सभी को शुभकामनाएं दीं। इस दौरान डाइट रायपुर में प्रशिक्षण ले रहे लगभग 200 व्याख्याता, शिक्षकों को भी ध्यान योग कराया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से जयप्रकाश मिश्र, प्रहलाद दमाहे, जगदीश महामल्ला, श्याम पित्रोदा, ढालचंद जैन, राजू कोचर, मनोज सोनी, पीयूष गुप्ता, प्रवीण दमाहे, पन्नालाल नागपुरे, सरोज अग्रवाल, शीला सिंह, वर्षा जैन के साथ लगभग 50 साधक शामिल हुए।

### ख्वाजा गरीब नवाज का दो रोजा जलसा कल से

रायपुर। हिंदलवली ख्वाजा गरीब नवाज अजमेरी संजरी के 813 सालाना उर्स मुबारक के मौके पर फैजाने औलिया चिश्तिया कमेटी रायपुर की ओर से दो रोजा प्रोग्राम रखा गया है। 23 दिसंबर को चादर शरीफ सुबह 11 बजे से रात 12 बजे तक बैजनाथपारा बड़ा मदरसा महबूबिया चौक में लगेगी। 24 दिसंबर बाद नमाज मगरिब लंगर होगा। रात 10 बजे शमा महफिल असलम रायपुरी पेश करेंगे। यह जानकारी कमेटी के सदर हाजी शोबी जमील, कन्वीनर तौसिफ खान व कमेटी मेंबर्स अब्दुल रसीद, सलीम संजरी, हाजी एजाज, हाजी मजीद ने दी है।

### जीना इसी का नाम है कार्यक्रम आज

रायपुर। आर्टिस्टिक वाइब्स फाउंडेशन द्वारा 'जीना इसी का नाम है' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। रविवार को दोपहर 2 बजे से शाम 7 बजे तक अंबे मंदिर सत्ती बाजार में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान बुजुर्गों के लिए पारंपरिक खेल, पसंदीदा व्यंजन, रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बुजुर्गों को उनके बचपन के मनपसंद खेल, मस्ती एवं व्यंजनों के साथ वापस जोड़ना है।

## निधन

### राजेश तिवारी



रायपुर। पर्यावरण विभाग के सेवानिवृत्त अधिकारी राजेश तिवारी पामगढ़ बारगांव वाले (63) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार कोटा मुक्तिधाम में किया गया। वे पुरी शंकराचार्य द्वारा संस्थापित संगठन आनंदवाहिनी की राष्ट्रीय संयोजिका सीमा तिवारी के पति और राजहर्ष एवं राजवर्धन के पिता थे।

# एसपी ने दिखाए तेवर, बदमाशों की ली क्लास, मुर्गा बनाकर कराई उठक-बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर





शहर में बढ़ते अपराध पर अंकुश लगाने नए एसपी लाल उम्मेद सिंह एक्शन मोड पर आ गए हैं। एसपी ने शुक्रवार को शहर के सौ चाकूबाजों की क्लास लेते हुए उनकी ऊठक-बैठक कराने के साथ मुर्गा बनाकर उन्हीं की भाषा में समझाने लाठी से हाथों की सिंकाई कराई। साथ ही बदमाशों को भविष्य में किसी भी तरह के अपराध से दूर रहने की चेतावनी दी। बदमाशों की क्लास लेने के साथ ही एसपी सुबह भारी-भरकम पुलिस बल के साथ बोरियाकला स्थित बीएसयूपी कालोनी में छापे की कार्रवाई करने पहुंचे। बीएसयूपी कालोनी में 50 के करीब संदिग्ध मिले। संदिग्धों से पूछताछ करने के साथ दस्तावेजों की जांच करने के बाद उन्हें जाने दिया।

- बीएसयूपी कालोनी में दबिश देने एसपी सहित पुलिस के अधिकारी व जवान पहुंचे

पुलिस को पिछले कुछ दिनों से मुजगहन थाना क्षेत्र में भारी संख्या में बाहरी लोगों के आकर रहने की सूचना मिल रही थी। साथ ही बाहरी लोगों के अपराधिक गतिविधियों में लिप्त होने की जानकारी पुलिस को मिल रही थी। इसी बात को ध्यान में रखते हुए एसपी ने बोरियाकला स्थित बीएसयूपी कालोनी में दबिश देने जाने का निर्णय लिया और वे स्वयं पुलिस बल के साथ बोरियाकला घरों की तलाशी लेने पहुंच गए।

### संदिग्ध वाहनों की जब्ती

बोरियाकला पहुंचे दो सौ के करीब पुलिसकर्मी तथा अधिकारियों की टीम ने सात सौ मकानों की तलाशी ली। इस दौरान कालोनी में 20 के करीब संदिग्ध वाहन मिले। कथित वाहन मालिकों से दस्तावेज की मांग की गई, तो वे मौके पर दस्तावेज उपलब्ध नहीं करा पाए। इस बात को ध्यान में रखते हुए एसपी के निर्देश पर ट्रैफिक पुलिस के जवान संदिग्ध वाहन जब्त कर ट्रैफिक थाना लेकर आए।

### दूसरे शहर से आईं सौ के करीब युवतियां मिलीं

जांच के दौरान पुलिस टीम को कई मकानों में एक-एक कमरे में आधा दर्जन दूसरे शहर से आई युवतियों के रहने की जानकारी मिली। पूछताछ में युवतियों ने पुलिस को रायपुर में चेन मार्केटिंग में जुड़कर काम करना बताया। इस प्रकार एक-एक कमरे में आधा दर्जन की संख्या में रह रही में सौ के करीब युवतियां मिलीं। युवतियों ने जिस चेन मार्केटिंग में काम करने की जानकारी पुलिस को दी है, पुलिस उस चेन मार्केटिंग कंपनी से संपर्क कर जानकारी लेने की बात कह रही है।

### सौ बदमाश थाने तलब

एसपी के निर्देश पर क्राइम ब्रांच पुलिस ने शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्र के सौ के करीब बदमाशों को एकत्रित किया। थाने में एकत्र बदमाशों से एसपी ने उनका क्रिमिनल रिकार्ड पूछा। इसके बाद बदमाशों को क्रिमिनल हिस्ट्री के आधार पर अलग-अलग किया गया। हत्या, हत्या के प्रयास, चाकूबाजी जैसे गंभीर मामलों के आरोपियों को अलग खड़ा किया गया और उन्हें मुर्गा बना दिया गया।

### चिल्लाते, उछलते रहे बदमाश

तीन दर्जन से ज्यादा बदमाश जो सख्ती के बाद भी नहीं सुधर रहे, ऐसे बदमाशों को लाइन से अलग किया गया। इसके बाद मौके पर उपस्थित अन्य बदमाशों के सामने पट्टे से उनके हाथों की पुलिस ने सिंकाई की। सिंकाई परेड में बदमाश उछलते-कूदते नजर आए और पुलिस से माफी मांगते दिखे।

# छात्रों ने कहा- हम मानसिक रूप से परेशान, कोई बात करने वाला नहीं, शुरू करें हेल्पलाइन नंबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

इंदिरा गांधी कृषि विवि के छात्रों ने कुलपति को पत्र लिखकर मांग की है कि उनके मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखा जाए। छात्रों का कहना है कि विद्यार्थियों में पिछले कुछ समय से आत्महत्या के मामलों में वृद्धि हुई है। छात्र मानसिक दबाव, पढ़ाई का बोझ, पारिवारिक अपेक्षाएं और अन्य समस्याओं के चलते आत्महत्या जैसा कठोर कदम उठाने के लिए मजबूर हो जाते हैं। यह न केवल हमारे समाज और शिक्षा व्यवस्था की विफलता है, बल्कि हमारे लिए आत्ममंथन का विषय भी है। इसलिए विश्वविद्यालय स्तर पर छात्रों की मानसिक स्थिति सुधारने के लिए कोशिश की जानी चाहिए।

- शिक्षकों और कर्मचारियों के लिए जागरूकता प्रशिक्षण पर जोर

इसके अलावा शिक्षकों, कर्मचारियों, छात्रों के लिए जागरूकता प्रशिक्षण पर जोर दिया। छात्रों के लिए परामर्श की सुविधा, पाठ्यक्रम और परीक्षा पद्धति में सुधार जैसी मांगें भी कृषि विवि के विद्यार्थियों ने रखी है। इन सभी मांगों को लेकर एनएसयूआई ने कुलसचिव को गुरुवार को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान जिला सचिव शुभम शर्मा, सुजीत सुमेर, रजत ठाकुर सहित अन्य छात्रनेता मौजूद रहे।

### अंबिकापुर में सामने आया था मामला

5 दिन पहले अंबिकापुर माता राजमोहिनी कृषि महाविद्यालय के हॉस्टल में एक छात्र द्वारा आत्महत्या कर ली गई। कुछ महीनों पहले रायपुर के कृषि महाविद्यालय में एक छात्रा द्वारा आत्महत्या की गई थी। प्रतिवर्ष इस तरह के मामले कृषि महाविद्यालयों से संबद्ध छात्रावास में आते रहे हैं। इसे देखते हुए छात्रों ने कमेटी बनाने की मांग की है। गौरतलब है कि एनआईटी, हिदायतुल्ला राष्ट्रीय विधि विवि सहित कई राष्ट्रीय स्तर के शैक्षणिक संस्थान अपने विद्यार्थियों को इस तरह की सुविधा प्रदान करते हैं। इसके अलावा माध्यमिक शिक्षा मंडल और सीबीएसई भी परीक्षा के दौरान अपने छात्रों के लिए तनाव से उबरने हेल्पलाइन नंबर परीक्षा के दौरान संचालित करते हैं।

### मिले काउंसलर की सुविधा

छात्रों का कहना है कि वर्तमान में कई बार ऐसी स्थिति उत्पन्न हो जाती है कि अपनी बातें साझा करने के लिए हमें कोई नहीं मिलता है। कई विद्यार्थी इस स्थिति का सामना नहीं कर पाते हैं और गहरे तनाव में चले जाते हैं। इसके परिणाम घातक होते हैं। इसलिए उनके लिए मानसिक स्वास्थ्य सहायता केंद्र की स्थापना की जाए। साथ ही विद्यार्थियों को काउंसलर की भी सुविधा मिले, जिनसे वे अपनी समस्याएं साझा कर सकें और उन्हें उचित मार्गदर्शन मिल सके।

# निजी स्कूल में पढ़ने वाले 11वीं के छात्र ने किया छात्रा से रेप

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



अमलीडीह स्थित एक निजी स्कूल के 11वीं में पढ़ने वाले एक छात्र के खिलाफ उसी स्कूल में पढ़ने वाली एक नौवमी की छात्रा के परिजनों ने रेप की शिकायत दर्ज कराई है। घटना दो माह पूर्व की बताई जा रही है। जिस छात्र के खिलाफ परिजनों ने राजेंद्र नगर थाने में रेप की शिकायत दर्ज कराई है, उस छात्र का पिता पुलिसकर्मी है। छात्रा की शिकायत पर पुलिस ने सीनियर छात्र के खिलाफ पाक्सो एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर छात्र को गिरफ्तार किया है।

- घटना दो माह पूर्व की, छात्रा स्कूल जाने से घबराने लगी तब परिजनों को घटना की मिली जानकारी

छात्रा के परिजनों ने पुलिस को बताया है कि उनकी बेटी पिछले एक महीने से स्कूल जाने से डरती थी। स्कूल जाने से बचने का कारण पूछने पर छात्रा अपने परिजनों से किसी तरह से बात करने से घबराती थी और घर में गुमसुम रहती थी। परिजन छात्रा को स्कूल लेकर गए, तो स्कूल प्रबंधन ने छात्रा की काउंसिलिंग कराने की बात कह कर काउंसिलर के पास भेजा। काउंसिलिंग में परिजनों को छात्रा के साथ उसके सीनियर द्वारा डांस क्लास में ले जाकर रेप करने की जानकारी मिली।

घटना की जानकारी मिलने पर स्कूल प्रबंधन ने कमेटी गठित कर पूरे मामले की जांच करने की बात कही।

# फैंसी स्टोर में चाकू मारकर लूट, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



फैंसी स्टोर्स, कपड़ा दुकान में कपड़ा खरीदने के बहाने महिला पर चाकू से हमला कर लूट करने के आरोप में पुलिस ने एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। घटना में शामिल एक अन्य बदमाश फरार है। बदमाश कपड़ा खरीदने के बहाने दुकान में पहुंचे थे। एक बदमाश दुकान के बाहर रखवाली कर रहा था। महिला कपड़ा दिखा रही थी, इसी दौरान बदमाश ने जेब से चाकू निकालकर महिला के ऊपर हमला कर गले से मंगलसूत्र लूटकर फरार हो गए थे।

- 10 दिन पूर्व बोरियाखुर्द में हुई थी घटना

रजनी नंदे से लूट के आरोप में मध्यप्रदेश, दतिया निवासी निलेश बघेल को पुलिस ने लूट के आरोप में गिरफ्तार किया है। बदमाशों ने नौ दिसंबर को लूट की घटना को अंजाम दिया है। घटना में शामिल महाराष्ट्र, नागपुर निवासी आशीष तिवारी फरार है।

जानकारी के मुताबिक आशीष तिवारी ने महिला के साथ लूट की थी। निलेश दुकान के बाहर रखवाली कर रहा था। बदमाश पूर्व में भी दुकान में खरीदी करने के बहाने रैकी करने जा चुके थे।

# दलालों की सक्रियता से राशन दुकान संचालक परेशान 18 साल बाद रायपुर विक्रेता कल्याण संघ का होगा चुनाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर के उचित मूल्य दुकान संचालक विक्रेता कल्याण संघ का 18 साल के बाद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित अन्य पदों के लिए चुनाव होगा। इससे पहले वर्ष 2006 में संघ का चुनाव हुआ था, जिसके बाद चुनाव नहीं हो पाया है। संघ की कार्यकारिणी को भंग हुए करीब 6 साल हो चुके हैं। इसके बाद भी संघ के कुछ पूर्व पदाधिकारी अघोषित रूप से संघ का संचालन करते आ रहे हैं, वहीं दूसरी ओर शहर में हितग्राहियों को सुविधा देने के लिए खाद्य विभाग नई राशन दुकानें खोलने जा रहा है। इसे लेकर कई दलाल सक्रिय हो गए हैं, जिसे लेकर राशन दुकानों के संचालकों की चिंता बढ़ गई है और अब वे चुनाव कराकर ऐसे पदाधिकारियों को चुनना चाहते हैं, जो दलालों से निपटने के साथ उनकी समस्याओं और मांगों को सही तरीके से प्रशासन-शासन के समक्ष रख सके।



### जनवरी में होगा चुनाव

छत्तीसगढ़ राज्य उचित मूल्य दुकान संचालक विक्रेता कल्याण संघ के अध्यक्ष रामदेव सिन्हा ने बताया कि प्रदेश संघ का चुनाव वर्ष 2018 में हुआ था। इस दौरान कई जिलों में भी जिला स्तरीय संघ का चुनाव कराया गया था, लेकिन रायपुर में किसी कारण से चुनाव नहीं हो पाया था। उन्होंने बताया कि रायपुर संघ को भंग हुए करीब 6 साल हो चुके हैं। इसके बाद भी कुछ पूर्व पदाधिकारियों द्वारा अवैध रूप से संघ का संचालन किया जा रहा है, जिसकी शिकायत उन्हें मिली है। उन्होंने बताया कि रायपुर में हितग्राहियों की सुविधा के लिए खाद्य विभाग नई राशन दुकाने खोलने जा रहा है। इसके लिए कई दलाल भी सक्रिय हैं, जो विभाग के अफसरों तक पहुंच रखने का लोगों को झांसा देकर दुकानें दिलाने के नाम पर उनसे मोटी रकम ऐंठ रहे हैं। इसकी जानकारी उन्हें रायपुर के दुकान संचालकों से मिली है। उन्होंने कहा कि दलालों के कारण राशन दुकानदारों की छवि भी धूमिल हो रही है। इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए संघ ने अब रायपुर में चुनाव कराने का निर्णय लिया है। यह चुनाव जनवरी माह में कराया जाएगा, ताकि समस्त राशन दुकान संचालकों को संघ के रूप में सही पदाधिकारी मिले सके, जो दलालों पर अंकुश लगाने के साथ उनकी समस्याओं का निराकरण कराने तथा उचित मांगों को पूर्ण कराने के लिए प्रशासन-शासन के समक्ष उनकी बातें रख सके।

### चुनाव होने से दलालों पर लगेगा अंकुश

नई राशन दुकानों के खोलने की कार्यवाही खाद्य विभाग द्वारा की जा रही है। इसे देखते हुए कलेक्टोरेट स्थित विभाग के कार्यालय के बाहर दलाल सक्रिय हो गए हैं, जो लोगों को झांसा देकर अवैध वसूली कर रहे हैं। इससे सभी राशन दुकानदारों की छवि धूमिल हो रही है, इसलिए चुनाव कराना आवश्यक है।

*- राजा बजाज, राशन दुकान संचालक*

## पेज 11 के शेष ...

### नए मास्टर प्लान में...

सूत्रों की मानें, तो नगरीय निकाय चुनाव के बाद ही संशोधित मास्टर प्लान लागू होगा। इससे पूर्व गड़बड़ियों पर पुनः दावा-आपत्तियां भी मंगाई जा सकती हैं। राजधानी रायपुर की वर्ष 2031 तक 30 लाख जनसंख्या पहुंचने का अनुमान लगाते हुए मास्टर प्लान 2031 तैयार कर इसे लागू किया गया है। यह मास्टर प्लान भविष्य में लोगों की जरूरत और सुविधाओं को देखते हुए ट्रांजिट ओरिएंटेड डेवलपमेंट आधार पर बनाया गया है। इसके तहत रायपुर जिले की चारों दिशाओं के इलाकों को विकसित कर सर्व सुविधायुक्त बनाया जाना है, ताकि भविष्य में अनुमानित जनसंख्या के कारण राजधानी के चारों दिशा में लोगों को सड़क, बसस्टैंड, अस्पताल, स्कूल, खेल मैदान, मनोरंजन की सुविधा आसानी से मिल सके। इस नये प्लान को तैयार करने के बाद टाउन एंड कंट्री प्लानिंग ने दावा-आपत्तियां मंगाई गई थी, ताकि नये प्लान की खामियां दूर की जा सकें। इसके लिए थोक में आपत्तियां भी आई थी, जिनमें करीब डेढ़ सौ आपत्तियां ऐसी थी, जिसमें बड़ी गड़बड़ियां की गई हैं। इसका खुलासा राज्य में नई सरकार के आने के बाद हुआ। वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने इन गड़बड़ियों की जांच कमेटी के माध्यम से कराई है, जिसकी रिपोर्ट में सौ से अधिक गड़बड़ियां सही भी पाई गई हैं। शासन स्तर पर अब इन गड़बड़ियों का निराकरण किया जाना है, जिसके बाद संशोधित मास्टर प्लान 2031 लागू होगा।

### बादलों ने छह डिग्री...

डिग्री अधिक होकर 19 तक पहुंच गया। रायपुर के अलावा अन्य शहरों का पारा भी चार से सात डिग्री ऊपर जा चुका है। दिन का मौसम सामान्य है और नमीयुक्त पूर्वी हवा से ठंड महसूस हो रही है। बादल छंटने की वजह से अब दो दिन तक रात को तापमान में गिरावट आएगी, पर बड़ा बदलाव होने की उम्मीद नहीं है।

### साथ छोड़ रही आंबेडकर...

संबंधित विभाग की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने जब मरीजों के उपचार संबंधित सुविधा के बारे में जानकारी मांगी, तो उन्हें इस समस्या के बारे में बताया गया। अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले हर तीसरे मरीजों को रेडियोडायग्नोसिस से संबंधित टेस्ट की जरूरत होती है। विभाग में मौजूद सीटी स्कैन, एमआरआई और डीएसए काफी पुरानी हो चुकी है। इन मशीनों की गांरटी, वारंटी खत्म हो चुकी है और लगातार उपयोग की वजह से यह आए दिन खराब होती है। एक-एक मशीन होने की वजह से मरीजों को जांच के लिए वेटिंग मिलती है। अस्पताल में उपचार सुविधा का विस्तार करने के लिए इन उपकरणों को बदलने की नितांत आवश्यकता है। बैठक में बताया गया कि सीटी स्कैन की मशीन खरीदी के लिए प्रक्रिया पूरी की जा रही है और दूसरे बड़ी महंगी मशीनों की उपलब्धता के लिए आगामी बजट तक इंतजार करना पड़ेगा। अन्य संसाधनों की उपलब्धता के लिए इन्हें सूचीबद्ध कर ऑटोनॉमस तथा सीजीएमएससी के माध्यम से उनके सुधार एवं क्रय के लिए आवश्यक प्रक्रिया अपनाये जाने का आश्वासन दिया।

### मच्छर उन्मूलन के...

या नया ठेका होगा, यह अभी तय नहीं है। शहर में विशाखापटनम सहित अन्य बड़े शहरों की तर्ज पर शहर में मच्छर उन्मूलन का पूरा जिम्मा बाहर की एजेंसी को 3 माह के ट्रायल के लिए दिया गया। एजेंसी को 100 लेबर रखने की शर्त के साथ प्रयुक्त मशीन और आवश्यक संसाधन रखना था। इसमें नगर निगम को फूटी कौड़ी खर्च नहीं आया। निगम मुख्यालय में शहरभर में मच्छर उन्मूलन के कार्य पर नजर रखने कंट्रोलरूम खोला गया। इसमें आम जनता के लिए शहर के अलग-अलग इलाकों से ट्रोल फ्री नंबर पर शिकायत करने की सुविधा मिली। अनुबंधित एजेंसी के कार्य की मानिटरिंग संबंधित जोन के जेडएचओ के जिम्मे दिया गया।

### एमआईसी में सदस्यों ने...

रद्द करने की अनुशंसा कर दी थी, पर निगम प्रशासन ने ठेका रद्द नहीं किया है, बल्कि पायलट प्रोजेक्ट के संबंध में पब्लिक फीडबैक लेकर नया प्रस्ताव शासन के पास मंजूरी के लिए भेजने की तैयारी है।

**न्यायालय अति. तहसीलदार अभनपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

ग्राम छछानपैरी प.ह.नं. 11
आर डी 202425441627600002/अ-6/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक तेजराम चतुर्वेदानी पिता स्व. टिकम राम चतुर्वेदानी निवासी ग्राम छछानपैरी तहसील अभनपुर जिला रायपुर द्वारा ग्राम छछानपैरी प.ह.नं. 11 रा.नि.मं. केन्द्री तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि ख.नं. 99/1, 99/2, 648/2, 213/2 रकबा क्रमशः 0.5830, 0.3640, 0. 2060, 2.3880 हे. भू-राजस्व अभिलेख एवं ऋण पुस्तिका में तेजराम पिता टीकम, सुन्दरी बाई पिता टीकम, कमला बाई पिता टीकम, मंगलीन पति टीकम के नाम पर शामिलात खाते में दर्ज है। जो कि पंजीयन / फौती होने के उपरांत नामांतरण /अभिलेख दुरूस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायलय में पंजी विचारधीन है। तत्संबंध मे इस न्यायालय में आर डी 202425441627600002/अ-6/2024-25 विचाराधीन है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था / समूह को कोई दावा आपत्ति हो तो वे अपना दावा आपत्ति आवेदन इस न्यायालय में नियत पेशी तारीख 08/01/2025 तक न्यायालयीन समय में स्वतः अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर पेश कर सकते है, नियत तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से आज दिनांक 19/12/2024 को जारी किया गया।

मुहर

अतिरिक्त तहसीलदार
अभनपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)

Health Town

K'sagar's
श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय

श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)

वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment

Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564

उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।

पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग

डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित

अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

# धान उठाव में सुस्ती, अधिकतर खरीदी केंद्रों में अब भी बफर स्टॉक से खरीदी प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में चल रही धान खरीदी के बाद खरीदी केंद्रों से उठाव की सुस्ती से चल रही है। धान का पर्याप्त उठाव नहीं होने के कारण कई खरीदी केंद्रों में अब भी बफर स्टॉक की स्थिति के कारण खरीदी नहीं हो पा रही है। प्रदेश के आधे से ज्यादा खरीदी केंद्रों में यही स्थिति है। धान खरीदी के बाद मिलरों की मांगों के संबंध सहमति बनने के बाद पिछले दो दिनों में जिले वार डीओ और टीओ जारी किए गए हैं। प्रदेश के खरीदी केंद्रों में अब भी 52.97 लाख मीट्रिक टन धान जाम है। इधर उठाव की समीक्षा के बाद बस्तर के खरीदी केंद्रों में उठाव नहीं होने पर वहां के कलेक्टर को इसमें तेजी लाने कहा गया है।

अधिकारियों ने बताया कि धान खरीदी के तहत अब तक 64.35 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है। धान खरीदी के साथ-साथ कस्टम मिलिंग के लिए धान का उठाव जारी है। धान के उठाव में तेजी लाने के प्रदेश के सभी कलेक्टरों को निर्देशित किए गए हैं। अब तक कुल धान खरीदी का 50 प्रतिशत से अधिक धान के उठाव के लिए डीओ और टीओ जारी कर दिया गया है। इसके विरुद्ध मिलर्स द्वारा अब तक लगभग 10.37 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव हो चुका है। मार्कफेड के द्वारा सभी जिला कलेक्टरों को निर्देशित किया गया है कि ऐसे खरीदी केंद्र जहां बफर स्टॉक तीन से चार गुना है वहां से धान पहले उठाए जाएं।

## 64.35 लाख टन खरीदी केंद्रों में अब भी 52.97 लाख टन डंप

### कई जिलों में किसान परेशान

धान खरीदी शुरू होने के चार सप्ताह तक उठाव नहीं होने के कारण 2739 खरीदी केंद्रों से लगभग 1690 खरीदी केंद्रों में बफर स्टॉक के कारण खरीदी न होने से किसान परेशान थे। इनमें कवर्धा, महासमुंद, राजनांदगांव, बालोद, बेमेतरा, धमतरी, बलौदाबाजार, मुंगेली, दुर्ग सहित कई अन्य जिले शामिल है। यहां पर किसानों ने धान खरीदी केंद्रों में लाने के बाद वापस ले जाने के कारण परेशान हैं। कवर्धा जिले में किसानों ने इसे लेकर कुछ केंद्रों में सड़क पर चक्का जाम कर प्रदर्शन भी किया। बताया जाता है कि आने वाले सोमवार को बफर स्टॉक की स्थिति कम हो इसे लेकर अवकाश के दिनों में मिलरों को जिले और अंतर जिले का डीओ जारी कर इसे कम करने का प्रयास होगा।



### जिलों में उठाव की स्थिति

अधिकारियों ने बताया कि मिलरों को हड़ताल समाप्त होने के बाद अब तक प्रदेश में 16 प्रतिशत धान का उठाव हुआ है। उठाव करने वाले जिलों में कोरबा सबसे आगे है। यहां पर 41 प्रतिशत का रिकार्ड उठाव हो चुका है। यहां पर मिलरों के अलावा मार्कफेड ने संग्रहण केंद्रों के लिए उठाव की अनुमति दी है। वहीं धमतरी जिले में 39 प्रतिशत का उठाव हुआ है। बालोद, बालौदाबाजार और सरगुजा जिले में खरीदी का 20 प्रतिशत से अधिक उठाव कर लिया गया है। वहीं रायपुर, मुंगेली और खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में 19 प्रतिशत तक उठाव कर लिया गयाहै। ऐसे जिजे जहां पर उठाव कम हुआ है उनमें महासमुंद, बेमेतरा, बालोद और कवर्धा में 8 से 14 प्रतिशत तक उठाव हुआ है।

## खबर संक्षेप

### पिछड़ा वर्ग सम्मेलन 25 दिसंबर को

**रायपुर।** ग्राम खप्परवाड़ा जिला दुर्ग में पिछड़ा वर्ग सम्मेलन 25 दिसंबर को शाम 5 बजे से आयोजित है। इस सम्मेलन में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर विभिन्न समाज प्रमुखों को साथ लेकर शामिल होने राजधानी से रवाना होंगे। सम्मेलन में विधायक ललित चंद्राकर, पूर्व विधायक वीरेंद्र साहू को भी मुख्य क्रमशः विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। यह जानकारी प्रदेश प्रवक्ता सोमनाथ साहू ने देते हुए बताया कि सम्मेलन की अध्यक्षता सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष धणेश चंद्राकर करेंगे, विशेष अतिथि ग्राम सरपंच रेवती देवदास, दीपक चंद्राकर, सौरभ चंद्राकर, धोबी समाज के जिला राजनंदगांव अध्यक्ष चैतराम निर्मलकर, दुर्ग जिला अध्यक्ष गोपाल निर्मलकर, प्रदेश संगठन मंत्री नकुल निर्मलकर, देवांगन समाज के वरिष्ठ नेता सेवक देवांगन को बनाया गया है।

### छग राज्य परिवहन कर्मचारी महासंघ की बैठक आज

**रायपुर।** छग राज्य परिवहन कर्मचारी महासंघ के सेवानिवृत्त और प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ कर्मचारियों की बैठक होगी। यह बैठक नगर निगम मुख्यालय के गार्डन में 22 दिसंबर को अपरान्ह 4 बजे होगी। महासंघ के अध्यक्ष मंजीत सिंह और ओपी मिश्रा ने बताया कि महासंघ के कर्मचारी संबंधी प्रकरण हाईकोर्ट में लंबित है, जिसकी अंतिम सुनवाई आगामी दिनों में होने वाली है। बैठक में इस संबंध में चर्चा कर महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे। राज्य परिवहन के कर्मचारियों का संविलियन को लंबा समय बीत चुका है। पेंशन और अन्य आर्थिक लाभ कई कर्मचारी वंचित है।

### थोक में दाम 20 से 25 और चिल्हर में 30 से 35 रुपए किलो

# बंगाल के आलू से तौबा, उप्र-मप्र से माल मंगाना है अभी सस्ता सौदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



आलू पर एक बार फिर बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बैनर्जी ने इस माह से दूसरे राज्यों में भेजने पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया है। ऐसा होने के बाद अब अपने राज्य के कारोबारियों ने भी बंगाल के आलू से फिलहाल तौबा कर ली है, क्योंकि अभी उप्र और मप्र से माल मंगाना सस्ता पड़ रहा है। इसी के साथ वहां से भरपूर आवक भी हो रही है। अब तो कीमत भी बहुत कम हो गई है। थोक में दाम 20 से 25 रुपए और चिल्हर में 30 से 35 रुपए हो गए हैं। कारोबारियों का कहना है बंगाल से आलू मंगाने की जरूरत नहीं है। अब ग्राहक भी उप्र और मप्र का आलू ही पसंद कर रहे हैं।

अपने राज्य छत्तीसगढ़ में आलू की आवक बंगाल और उप्र से होती है। रायपुर, दुर्ग के साथ बस्तर संभाग में आमतौर पर बंगाल का आलू ही पसंद किया जाता है। बिलासपुर और सरगुजा संभाग में उप्र का आलू चलता है। वहां पर बंगाल का आलू पसंद नहीं किया जाता है। अपने राज्य में रोज 50 ट्रक के आस-पास आलू बंगाल और उप्र से आता है। राजधानी रायपुर के ही बाजारों में रोज कम से कम 20 से 25 ट्रक आलू की आवक होती है। बंगाल के आलू पर प्रतिबंध के बाद यह आवक आधी हो गई थी, लेकिन अब कारोबारियों ने उप्र और मप्र से ज्यादा माल मंगाना प्रारंभ कर दिया है तो यहां पर रोज खपत के हिसाब से 15 से 17 ट्रक की आवक हो रही है। बिलासपुर और सरगुजा में वैसे भी आवक को लेकर कोई समस्या नहीं है, क्योंकि वहां पर वैसे भी उप्र का ही आलू चलता है।

### बंगाल से आलू बंद होने का असर नहीं

*यह दूसरी बार है जब बंगाल से आलू को दूसरे राज्यों में भेजने पर बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बैन किया है। इसके पहले भी इस साल वहां पर प्रतिबंध लगाया गया था तब आलू की कीमत 40 रुपए हो गई थी। तब तो बंगाल से चोरी-छुपे आलू की आवक हो रही थी, लेकिन अब तो आवक पूरी तरह से बंद हो गई है। कारोबारी कहते हैं, चोरी-छुपे आलू मंगाने पर बहुत महंगा पड़ेगा। ग्राहकों में अब बंगाल के आलू की डिमांड नहीं है। इस समय मप्र के छिंदवाड़ा से भी भारी मात्रा में नया आलू आ रहा है। उप्र से तो वैसे भी आलू आता ही है।*

### घटने लगे दाम

आलू की कीमत आमतौर पर थोक में साल भर पहले 10 रुपए के आस-पास रहती थी। बीते साल नया आलू आया था तो थोक में यह 8 से 10 रुपए और चिल्हर में 15 रुपए किलो तक बिका है। लेकिन इस बार नया आलू आने पर पहले अब जहां थोक में 35 रुपए तक बिका वहीं चिल्हर में यह 50 रुपए तक बिका है। अब इसकी कीमत में कमी आई है। इस समय यह थोक में 20 से 25 रुपए हो गया है। चिल्हर में इसको शहर में अलग-अलग स्थानों पर कारोबारी 30 से 35 रुपए में बेच रहे हैं। जहां शास्त्री बाजार में यह 30 रुपए में मिल जा रहा है, वहीं अन्य सब्जी मंडियों और किराना दुकानों में इसको 35 रुपए तक बेचा जा रहा है।

# नाइट राउंड ड्यूटी के रजिस्टर पर दोपहर साइन, कई अस्पतालों में नॉन क्लीनिकल डाक्टरों को जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मेडिकल कालेज से संबंधित अस्पतालों में रात्रि के वक्त मरीजों की सुध लेने डाक्टरों के नाइट राउंड की ड्युटी कई तरह के विवादों में फंसता जा रही है। आंबेडकर अस्पताल में कंसलटेंट नाइट ड्युटी वाले रजिस्टर में दोपहर साइन कर रहे हैं तो अन्यकई मेडिकल कालेज से संबंधित अस्पतालों में नॉन क्लीनिकल डाक्टरों को इसकी जिम्मेदारी दी जा रही है।

अस्पतालों में रात होने के बाद मरीजों का इलाज जूनियर डाक्टरों के जिम्मे हो जाता है। इस तरह की समस्याओं को दूर करने के लिए ऑन कॉल ड्युटी करने वाले सीनियर और कंसलटेंट डाक्टरों के शाम 6 से रात्रि 9 बजे के बीच वार्डों में जाकर राउंड लेने की ड्युटी लगाई जा रही है। विभागीय अधिकारियों की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए ड्युटी वाले डाक्टरों की आंबेडकर अस्पताल में नाइट राउंड ड्युटी रजिस्टर बनाया गया है। जिसमे खेल शुरू हो गया है। रजिस्टर में साइन तय समय में ड्युटी पर उपस्थित होकर करना है मगर काम से बचने के लिए डाक्टर ओपीडी से घर लौटते वक्त अपना हस्ताक्षर कर चले जा रहे हैं।

इसी तरह बिलासपुर, रायगढ़ और कोरबा में क्लीनिकल डाक्टरों का बचाव करते हुए नॉन क्लीनिकल यानी बायोकेमेस्ट्री, पैथोलॉजी, एनाटामी जैसे विभाग के डाक्टरों की नाइट राउंड की ड्युटी लगाई जा रही है जिसका विरोध शुरू हो गया है।

### पारिवारिक कारणों से नॉन क्लीनिकल विषय

छत्तीसगढ़ डाक्टर फेडरेशन ने नॉन क्लीनिकल डाक्टरों की नाइट राउंड ड्युटी का विरोध किया है। अध्यक्ष डा. हीरा सिंह के मुताबिक एमबीबीएस के बाद पारिवारिक कारणों से कई डाक्टर पीजी के लिए नॉन क्लीनिकल विषय का चयन करते है। दिनभर कालेज अध्यापन और विभाग में अन्य तरह की ड्युटी के बाद नाइट राउंड की ड्युटी करना मुश्किल होता है। ऐसे डाक्टर मरीजों की बीमारी से वाकिफ नहीं होते इसलिए उनकी समस्या का समाधान नहीं कर पाएंगे। इसके लिए संबंधित विभागों के चिकित्सकों की ही ड्युटी लगाई जानी चाहिए।

## विधायक मूणत ने विकास कार्यों का किया भूमिपूजन



**रायपुर।** रायपुर पश्चिम क्षेत्र विधायक राजेश मूणत ने रविवार को संत रविदास वार्ड में 2 करोड़ 75 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। उन्होंने वार्ड की अंदरूनी सड़कों का डामरीकरण, कंक्रीट गलियों के निर्माण जैसे डेढ़ दर्जन कार्यों की शुरुआत की। श्री मूणत ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव का आभार जताते हुए कहा कि विष्णु के सुशासन का रास्ता अच्छी सड़कें-गलियों से होकर ही निकलता है। भूमिपूजन के मौके पर श्री मूणत ने कहा कि भीतरी सड़कें और गलियां सुधरने से आम लोगों को सुविधा मिलेगी और सड़कें सुधरने से इलाका भी विकसित नजर आता है।

इस मौके पर पार्षद रजियंत ध्रुव, कामिनी देवांगन सहित वार्ड के गणमान्य नागरिक और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### दो दिन पूर्व लाखे नगर की घटना

## व्यापारी को चाकू मारकर लूट नाबालिग सहित तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



दुकान बंद कर घर जा रहे व्यापारी पर चाकू से हमला कर लूट के आरोप में पुरानी बस्ती थाने की पुलिस ने नाबालिग सहित तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। घटना में चार बदमाशों के शामिल होने की बात सामने आई है। छीना झपटी के दौरान बदमाशों ने व्यपारी के भाई के सिर पर टाइल्स से हमला कर सिर भी फोड़ दिया। घटना शुक्रवार रात की है।

पुलिस ने लूट के आरोप में भाठागांव निवासी शुभम मिश्रा, लाखेनगर निवासी सोम गजभिये तथा नाबालिग को गिरफ्तार किया है। रितेश अडवाणी ने बदमाशों के खिलाफ थाने में लूट तथा हमले की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रितेश ने पुलिस को बताया है कि घटना दिनांक को वह रात साढ़े 11 बजे दुकान बंद कर अपने भाई के साथ घर जा रहा था। इसी दौरान लाखेनगर चौक पर चार बदमाशों ने उसका रास्ता रोक लिया। लड़कों ने रितेश से पैसों की मांग की। पैसा देने से इनकार करने पर बदमाशों ने रितेश के साथ गाली-गलौज करते हुए उसके साथ छीना झपटी की। इस दौरान एक बदमाश ने रितेश पर चाकू से हमला कर दिया। बदमाश रितेश के भाई पर भी चाकू से हमला कर रहे थे, इस दौरान उसने बचने की कोशिश की। इस दौरान एक बदमाश ने रितेश के भाई के सिर पर टाइल्स से हमला कर दिया, जिससे वह लहूलुहान हो गया।

## ठाकुर प्यारेलाल सिंह की मनाई जयंती बुनकर संघ के लिए मूणत देंगे 25 लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

### कोर्स में शामिल हो सेनानियों की गाथा : किरण देव




छत्तीसगढ़ बुनकर सहकारी संघ ने स्वाधीनता संग्राम सेनानी, रायपुर के प्रथम विधायक, नेता प्रतिपक्ष नागपुर असेम्बली, रायपुर नगरपालिका के तीन बार अध्यक्ष रहे तथा सहकारिता के अग्रदूत त्यागमूर्ति ठाकुर प्यारेलाल सिंह की 133वीं जयंती मनाई गई। यह कार्यक्रम नगर निगम के जोन और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संघ के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण देव ने कहा कि ठाकुर प्यारेलाल सिंह का संपूर्ण जीवन देश और समाज के लिए त्याग और तपस्या का रहा है। उन्होंने कहा कि ठाकुर साहब का संपूर्ण जीवन प्रेरक रहा है। उनकी जीवनी और अन्य सभी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की जीवनगाथा पाठ्यक्रम में सम्मिलित होनी चाहिए, ताकि आज के बच्चे और युवा उनसे प्रेरणा ले सकें।

इसी दौरान रायपुर पश्चिम के विधायक राजेश मूणत ने कहा कि प्रतिमा स्थल के सौंदर्यीकरण और गरिमायुक्त स्मारक बनाने और बुनकर संघ के भवन के जीर्णोद्धार के लिए 25 लाख रुपए देने की घोषणा की। कार्यक्रम में विधायक मोतीलाल साहू ने ठाकुर प्यारेलाल सिंह के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अपने विधानसभा क्षेत्र सेजबहार स्थित प्यारेलाल सिंह की आदमकद प्रतिमा स्थापित करने की घोषणा भी की। कार्यक्रम को संबोधित पूर्व कुलपति और वरिष्ठ इतिहासविद प्रोफेसर एलएस निगम, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मुरलीधर खंडेलवाल और संरक्षक पीएन तिवारी व नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे ने भी संबोधित किया।

आभार व्यक्त करते हुए ठाकुर प्यारेलाल सिंह वार्ड के पार्षद व एमआईसी सदस्य, राज्य योग आयोग के पूर्व अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा ने मांग की कि निमोरा स्थित ठाकुर प्यारेलाल सिंह पंचायत प्रशिक्षण केंद्र में प्रतिवर्ष ठाकुर साहब की राज्य स्तरीय जयंती समारोह का आयोजन किया जाना चाहिए। इस पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण देव, वरिष्ठ विधायक राजेश मूणत और विधायक मोतीलाल साहू ने पूर्ण सहयोग करने की घोषणा की।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में इतिहासविद डॉ. रामकुमार बेहार, आचार्य घनाराम साहू, इतिहासकार केके अग्रवाल, पार्षद और उप नेता प्रतिपक्ष मनोज वर्मा, छत्तीसगढ़ बुनकर सहकारी संघ के अध्यक्ष मंगलूराम देवांगन, स्वाधीनता संग्राम सेनानी परिवार से डॉ. अखिलेश त्रिपाठी, अजय सोनी, अनिल गुप्ता, चंद्रशेखर पांडेय, अरूण दुबे, अनिरुद्ध दुबे, रमादत्त जोशी, पूर्व पार्षद दिलीप यदु, जगदीश आहुजा, अशोक पांडेय, आशीष अग्रवाल, अभा साहित्य परिषद के प्रांतीय संयोजक प्रभात मिश्र, पाटन के पत्रकार भूपेंद्र मिश्रा, मनीष शर्मा, एनएसएस के छात्र-छात्राएं, बड़ी संख्या में बुनकर, नगर निगम जोन के कमिश्नर विमल शर्मा, ईई लाल महेंद्र सिंह व कर्मचारियों के साथ ठाकुर प्यारेलाल सिंह के परिजन भी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## बिजनेस साइट

### होटल बेबीलॉन इंटरनेशनल में इंडियन और इम्पोर्टेड प्रोडक्ट्स का 'फर्नीचर फ्यूजन'



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में पहली बार 'फर्नीचर फेयर' और 'इंटरनेशनल शॉपिंग फेस्टिवल' का आयोजन 20 से 23 दिसंबर तक होटल बेबीलॉन इंटरनेशनल में किया गया है। इस आयोजन में भारतीय और इम्पोर्टेड फर्नीचर का खास संग्रह प्रस्तुत किया गया है। 'फर्नीचर फेयर' में सोफा सेट, डाइनिंग सेट, टीकवुड और शीशम वुड फर्नीचर जैसे आकर्षक उत्पाद शामिल हैं। वहीं 'इंटरनेशनल शॉपिंग फेस्टिवल' में थाईलैंड के आर्टिफिशियल फ्लॉवर्स, मलेशिया के फ्रेम्स, ईरान की सिल्वर ज्वेलरी और अफगानिस्तान के ड्राय फ्रूट्स जैसे विदेशी उत्पाद भी प्रदर्शित किए जा रहे हैं।

यह आयोजन 'फर्नीचर फ्यूजन' के नाम से जाना जा रहा है, जहां भारतीय और इम्पोर्टेड फर्नीचर का कलेक्शन एक ही छत के नीचे मिलेगा। आई एड्स एंड इवेंट्स ने इस पहल के जरिए न केवल विदेशी उत्पादों को रायपुरवासियों के बीच प्रस्तुत किया है, बल्कि भारत में निर्मित फर्नीचर और डिजाइन्स को भी प्रमुखता दी है।

### द गुड स्टार्ट स्कूल और मॉडर्न इंस्टिट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस ने मनाया 10वां वार्षिकोत्सव




**रायपुर।** प्रोफेसर कॉलोनी स्थित 'द गुड स्टार्ट स्कूल' और 'मॉडर्न इंस्टिट्यूट ऑफ पैरमेडिकल साइंस' भाठागांव ने अपने 10वें वार्षिकोत्सव का आयोजन धूमधाम से किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. सी. श्रीनिवास, डॉ. सुनील खेमका, ओंकार सिंह और अतुल गर्ग ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दी।

इस अवसर पर स्कूल के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने 'ग्रोइंग ऑफ एजेंस' विषय पर नृत्य प्रस्तुत किया, जिसे सभी ने काफी सराहा। कक्षा 2 और 3 के विद्यार्थियों ने भारत की ऐतिहासिक उपलब्धि चंद्रयान मिशन को भी मंच पर जीवंत तरीके से प्रस्तुत किया, जो दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर गया। बच्चों की इन अद्भुत प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए डॉ. सी. श्रीनिवास ने उनकी कला और मेहनत की प्रशंसा की।

## एजुकेटेड अग्रवाल समाज का परिचय सम्मेलन 11 से

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच द्वारा वीआईपी रोड स्थित रामस्वरूप दास निरंजन लाल धर्मशाला में दो दिवसीय 11 से 12 जनवरी तक 13वें अखिल भारतीय एजुकेटेड अग्रवाल विवाह योग्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन में देशभर के बच्चे शामिल होंगे। इस परिचय सम्मेलन में अपने विवाहयोग्य बच्चों के बॉयोडाटा ऑनलाइन पंजीयन करा सकते हैं। ऑफलाइन फॉर्म भरकर मंच कार्यालय को भी प्रेषित कर सकते हैं। पंजीयन की अंतिम तिथि 25 दिसंबर है। इस मौके पर छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच के संरक्षक कन्हैया अग्रवाल एवं हरिवल्लभ अग्रवाल ने बताया कि परिचय सम्मेलन में हर वर्ष लगभग एक हजार बच्चों के पंजीयन प्राप्त होते हैं, लगभग दो सौ बच्चों का परिचय दो दिन में बेहद अच्छे वातावरण में नवीनतम तकनीक के साथ कराया जाता है।

## जीण महोत्सव का आयोजन

**रायपुर।** श्री जीण माता सेवा समिति द्वारा 15वां जीण महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। सत्ती बाजार स्थित अंबा देवी मंदिर में रविवार को सुबह 9 बजे से कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसके बाद माता का विग्रह कार्यक्रम स्थल रामनाथ भीमसेन भवन, समता कॉलोनी में होगा। दोनों ही स्थानों में भव्य रूप से साज सज्जा की गई है।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

## दूरदर्शन में सतनाम सतगुरु फिल्म 24 से दिखाई जाएगी

**रायपुर।** बाबा गुरु घासीदासजी के जीवन दर्शन पर बनी पहली फिल्म 'सतनाम सतगुरु' का प्रसारण दूरदर्शन पर 24 से 29 दिसंबर तक इसे 6 भागों में नियमित रूप से दिखाई जाएगी, जिसका प्रसारण शाम 7 बजे दिल्ली दूरदर्शन से किया जाएगा, इसे टाटा स्काई चैनल नंबर 1174 में भी देखा जा सकेगा।

निर्माता व वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. जेआर सोनी ने बताया कि अभी दिसंबर माह गुरु पर्व के रूप में चल रहा है, इसलिए इसका प्रसारण किया जा रहा है, जिसे दूरदर्शन के अलावा वेब चैनल के माध्यम से भी इस पूरे विश्व में देखा जा सकेगा। इस फिल्म में बाबा गुरु घासीदासजी को जन्म से लेकर उनके अंतर्ध्यान होने तक के सभी प्रसंगों को बखूबी दिखाया गया है।






हरिभूमि लाइव
रायपुर, रविवार, 22 दिसंबर 2024
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

02

मेरे भगवान तो सृष्टि के कण-कण ...

**लाइव इवेंट**

## वीरवंदन के माध्यम से बताया गुमनाम नायकों का महत्व

**रायपुर।** शहर के बोर्डिंग विद्यालय कांगेर वैली अकादमी में वार्षिकोत्सव का आगाज हुआ, जिसकी थीम मानवीय मूल्यों पर रखी गई। यहां छात्रों ने रंगारंग प्रस्तुति दी। इस दौरान मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधायक पद्मश्री अनुज शर्मा, विद्यालय संरक्षक स्वरूपचंद जैन, मार्गदर्शक रतनलाल जैन शामिल हुए। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि कि शिक्षा विकास का मूलमंत्र है। चहुंमुखी विकास के लिए शिक्षा जरूरी है। इस विद्यालय में प्राप्त होने वाली शिक्षा का लाभ उठाएं और अपने बच्चों के भविष्य का नवनिर्माण करें। विद्यालय के संरक्षक स्वरूपचंद जैन ने कहा कि बच्चों ने वीरवंदन के माध्यम से हमारे गुमनाम नायकों के महत्व को जिस प्रकार से प्रतिपादित करने का कार्य किया है।



### उत्कृष्ट छात्र हुए सम्मानित

कक्षा दसवीं सेटिया बैस व कक्षा बारहवीं में वाणिज्य संकाय से रिद्धि अग्रवाल, विज्ञान संकाय से मोनिका जैन एवं मानविकी संकाय से शीतल जैन ने सर्वोत्तम अंक प्राप्त किए हैं। इस अवसर पर उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। श्रेष्ठ विद्यार्थी का पुरस्कार प्री प्रायमरी से विवान कौशिक,प्रायमरी से इशकीर्त सिंह,स्टूडेंट ऑफ द ईयर समृद्धि रामपुरिया को मिला। खेलों में श्रेष्ठ टीम रूबी सदन को पेलेडिंयन ट्राफी ,और श्रेष्ठ एकेडमिक जेम ऑफ़ जेम्स पुरस्कार भी रूबी सदन को मिला।



### मूल्यों की रक्षा का मूलमंत्र

सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने मानवीय मूल्यों को मुख्य आधार मानकर वीरवंदन एवं सारांकन के रूप में अपनी प्रस्तुति दी, जिसमें मानवीय मूल्यों की रक्षा का मूलमंत्र समाया था। वीरवंदन व सारांकन का पूरा कार्यक्रम मानवीय मूल्यों पर केंद्रित था, जिसमें यह संदेश था कि हम अपनी गुमनाम नायकों के अस्तित्व को समझें। कार्यक्रम में कांगेर वैली सोसायटी के चेयरमैन संजय जैन, सचिव राखी जैन, सदस्य सारा जैन, रिया जैन, महानदी एजुकेशन सोसायटी के सचिव शैलेंद्र जैन उपस्थित रहे।

**आरएसएसडीआई के वार्षिक सम्मेलन में एक्सपर्ट बोले**

# देशभर में 10 करोड़ डायबिटीज रोगी, चावल का त्याग कर खुद की सेहत को दें 50 मिनट

'डायबिटीज पेशेंट ही नहीं, प्री-डायबिटीज की स्केल में आने वालों को अपनी लाइफ स्टाइल में थोड़ा-सा बदलाव करते हुए रोज सुबह 50 मिनट एक्सरसाइज और योग को देने चाहिए। दिनभर नई ऊर्जा के साथ काम करने के लिए खुद की सेहत को लेकर पेशेंट सजग हो जाएं तो इससे बड़ी राहत मिलेगी। कई लोग खाने को अमृत समझते हुए उसे ज्यादा खाते हैं। अगर संयमित आहार लें तो भी डायबिटीज को बढ़ने से रोका जा सकता है। ये अनुभव एक्सपर्ट ने हरिभूमि टीम से साझा किए।'




**रायपुर।** देश के 50 साल से ज्यादा पुराने डायबिटीज में रिसर्च व चिकित्सकों की शिक्षा के लिए अग्रणी संस्था आरएसएसडीआई के वार्षिक सम्मेलन का आगाज हुआ। वीआईपी रोड स्थित एक निजी गार्डन में 21 और 22 दिसंबर को संस्था की राजकीय इकाई के अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. स्मित श्रीवास्तव ने बताया कि यह संस्था सालभर राज्य में अपने 400 से अधिक मेंबर्स के साथ डायबिटीज रोगियों के निदान व उपचार के लिए समय-समय पर संगोष्ठी, सम्मेलन और कार्यशाला का आयोजन करती है। डॉ. श्रीवास्तव ने यह भी बताया कि इस सम्मेलन में देशभर के 17 डायबिटीज के एक्सपर्ट और राज्य के 41 विशेषज्ञ व्याख्यान और कार्यशालाओं के माध्यम से राज्य के 350 भागीदार चिकित्सकों को शिक्षित और प्रशिक्षित भी करेंगे।

### रिसर्च एवं अग्रणी कार्य के लिए...

ऑर्गनाइजिंग सेक्रेट्री डॉ. अरुण केडिया ने बताया कि सम्मेलन में संस्था के राष्ट्रीय



अध्यक्ष डॉ. विजय विश्वनाधन, सेक्रेटरी डॉ. संजय अग्रवाल, कोषाध्यक्ष डॉ. जुगल किशोर शर्मा के अनुभव का लाभ हमें मिलेगा। इस वर्ष से संस्था डॉ. क्रांति कुमार श्रीवास्तव ओरेशन अवार्ड प्रारंभ करने जा रही है, जो डायबिटीज की रिसर्च में अग्रणी विषय पर अतिविशिष्ट विशेषज्ञ को उनके व्याख्यान के लिए भी दिया जाएगा। इस वर्ष यह पुरस्कार चेन्नई के डॉ. विजय विश्वनाथन को दिया गया है। मधुमेह के रिसर्च में अग्रणी कार्य के लिए यह सम्मान दिया गया।



### देश में 10 करोड़ डायबिटीज पेशेंट

भोपाल से आए डॉ. पीसी मनोरिया ने चर्चा में बताया कि अभी देशभर में 10



करोड़ 10 लाख डायबिटीज रोगी हैं। इनके बीच प्री-डायबिटीज के स्टेज पर 13 करोड़ 60 लाख नए पेशेंट की पहचान हुई है। अगर ऐसे लोग अच्छी डाइट और नियमित एक्सरसाइज करें तो इस रोग के प्रभाव को कम किया जा सकता है। अगर इसके बचाव में लापरवाही की जाती है तो मोटापा बढ़ने से लिवर, पैनक्रियाज में फैट के कारण हार्ट अटैक का खतरा भी बढ़ता है। इन तमाम स्थितियों से बचाव के लिए संयमित भोजन व एक्सरसाइज करें।

### चलते-फिरते रहने की आदत डालें

अंबिकापुर से आए डॉ. जेके सिंह ने बतौर फिजिशियन बताया कि



लाइफ स्टाइल में रोज सुबह 40 मिनट वॉकिंग के साथ एक्सरसाइज को शामिल करें। इसके बाद 10 मिनट योग के लिए भी तय करें तो दिनभर ऊर्जा से ओत-प्रोत रहेंगे। साथ ही खाने को अमृत समझने की भूल बिलकुल न करें। इसका उपयोग सामान्य तौर पर कम करें तो बेहतर होगा। आगे बताया कि अगर कम खाना खाएं, सही समय पर खाएं। समय पर ही भोजन करें और चलते-फिरते रहने की आदत डालें तो डायबिटीज से बचाव संभव है।

### पेशेंट चावल का कम करें उपयोग

वहीं दुर्ग से आए डॉ. प्रभात पांडेय ने अनुभव साझा करते हुए कहा कि



जिस तेजी से डायबिटीज के साथ प्री-डायबिटीज पेशेंट को लेकर रिसर्च में चौंकाने वाली जानकारी सामने आ रही है। उसे देखते हुए लोगों को इस रोग से बचाव के लिए चिंता करने से कहीं बेहतर होगा कि खुद की केयर करें। मेडिसिन एक्सपर्ट ने बताया कि दवा भी संतुलित दिनचर्या के लिए कारगर है। बेहतर होगा कि डायबिटीज पेशेंट खुद चावल का सेवन कम करें। अभी 30 से 50 साल के लोगों में डायबिटीज की शिकायत ज्यादा मिलती है।

# 41 साल बाद मिले स्कूली दोस्त, क्लास में बैठकर पुराने दिनों को किया याद, बिताया दिनभर का समय

**रायपुर।** समय के साथ स्कूल छूट जाता है, लेकिन उसकी यादें नहीं। जब भी स्कूल याद आता है, तब दोस्तों के साथ मस्ती और शिक्षकों की मार भी आ जाती है। यह कहना है सेंटपॉल स्कूल के 1978-83 बैच छात्रों का, जो शनिवार को 41 साल बाद फिर स्कूल में मिले। आओ अपने स्कूल चलें, कार्यक्रम में एक बार फिर अपने स्कूल के दिनों को याद किया। एक बार फिर स्कूल के दिनों की अकल्पनीय दुनिया को जीवंत स्वरूप प्रदान करने के लिए 1978-83 बैच के विद्यार्थियों ने प्रयास किया और अपने अधिकतर सहपाठियों को देशभर से कार्यक्रम में आमंत्रित किया।



### देशभर से पहुंचे पूर्व छात्र



सेंटपॉल के 1978-83 बैच को गौरवान्वित करने के लिए इंडियन नेवी से सेवानिवृत्त कमोडोर अजय बिसेन और आईआईटी गुवहाटी के प्रोफेसर राजीव तिवारी को उनकी उपलब्धि के लिए सम्मानित किया गया। आओ अपने स्कूल चलें कार्यक्रम में 1969 बैच के कर्नल सुनील मिश्रा व 1978 बैच के अंजय शुक्ला विशिष्ट रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम में देशभर से आए विद्यार्थियों में प्रमुख रूप से प्रोफेसर राजीव तिवारी, कोमोडोर अजय सिंह बिसेन, डॉ. मेघेश तिवारी, शिरीष तिवारी, नवनीत पाटिल, वीरेंद्र चतुर्वेदी, चंद्रशेखर राव, शरद वरु, शाहनवाज सुल्तान, एम. सुधाकर, पवन आवल, डॉ. दत्तात्रेय होसकरे, संजय शर्मा, राजेश सचदेव ,कैलाश सचदेव, सीए मनोज अग्रवाल उपस्थित थे।

# प्रभु श्रीराम की कथा से गूंज उठा मेला

**रायपुर।** भगवान श्रीराम के भजनों और कथापाठ से गोंडवाना महोत्सव मेले का फिजां ही बदल गई। शनिवार को श्री राघव सेवा समिति द्वारा संचालित लोक में राम की प्रस्तुति दी गई। इसमें डॉ. अशोक हरिवंश ने "शबरी के राम" की शानदार प्रस्तुति दी। उन्होंने इस प्रसंग में शबरी कौन थीं? शबरी की प्रतीक्षा कैसी थी? शबरी के बेर कितने मीठे थे? शबरी और श्रीराम के बीच के संवाद कैसे थे, उसे गीत संगीत माध्यम से प्रस्तुत किया। लोक में राम मंडली ने शबरी और श्रीराम जुड़े प्रसंग प्रसंग को गीत, भजन और कथा में पिरोकर ऐसी प्रस्तुति दी कि श्रोता भी भक्तिभाव में झूम उठे।



### महोत्सव का आज भव्य समापन

*आयोजक बालेंद्र सिंह कुशवाहा, वैभव सिंह सिसोदिया और सौरभ सिंह सिसोदिया ने बताया कि गोंडवाना महोत्सव मेले में हर दिन की तरह रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लोक में राम की प्रस्तुति हुई, जिससे पूरा मेला भक्तिमय हो गया। हमारी कोशिश है कि सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ ही लोग धर्म से भी जुड़ें। इसी क्रम में लोक में राम की प्रस्तुति हुई, जिससे दर्शकों के बीच भगवान श्रीराम और शबरी के बीच क्या संवाद हुए, इसके बारे में जानने को मिला। आज महोत्सव का भव्य समापन होगा।*

संस्था के प्रमुख डॉ. हरिवंश ने बताया कि हमारी संस्था सनातन परंपरा एवं ऋषि ज्ञान को जन-जन तक पहुंचाने की दृढ़ संकल्प के साथ काम कर रही है। अभी तक कई बड़े मंचों पर हमारी प्रस्तुति रही है। वही हमारी कोशिश है कि हर मंच पर प्रस्तुति देकर सभी को श्री राम से जोड़कर और उनकी कथा को लोग आत्मसात करें।

**सिटी इवेंट**


## केंद्रीय जेल में कैदियों ने किया अनुलोम-विलोम और प्राणायाम



**रायपुर।** ध्यान एक अभ्यास है, व्यक्ति को मानसिक स्पष्टता, भावनात्मक शांति और शारीरिक विश्राम प्राप्त करने की एक विधि है। ध्यान तनाव को कम करने के साथ भावनात्मक संतुलन में सुधार करने का प्रयास करता है। यह कहना है आर्ट ऑफ लिविंग के प्रशिक्षक अजय सिंह का। शनिवार को अंतर्राष्ट्रीयत ध्यान दिवस पर केंद्रीय जेल में ध्यान एवं योग शिविर का आयोजन किया गया।शिविर में लगभग 200 बंदी,अधिकारी और कर्मचारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर जेल अधीक्षक अमित शांडिल्य ने ध्यान के महत्व की जानकारी साझा करते हुए कहा, व्यक्ति को अपनी दिनचर्या में ध्यान को शामिल करना चाहिए।

### शिविर में कैदी और अधिकारी शामिल

शिविर का आयोजन शनिवार को सुबह किया गया। इसमें योग, प्राणायाम, ध्यान, सुदर्शन क्रिया सहित जीवन जीने की कला का प्रशिक्षण दिया गया। जीवनशैली में सुधार एवं सकारात्मक विकास के लिए योग कराया गया। इस दौरान सभी बंदियों एवं अधिकारियों ने शिविर में शामिल होकर लगातार 2 घंटे योग एवं ध्यान किया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य केंद्रीय जेल में मौजूद बंदियों को योग एवं ध्यान से जोड़ना रहा।




### शांति सरोवर में राजयोग ध्यान समारोह आज

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा 22 दिसंबर को सुबह 9 बजे विधानसभा रोड स्थित शांति सरोवर रिट्रीट सेंटर में राजयोग ध्यान समारोह का आयोजन किया गया है। विषय आंतरिक शांति और विश्व सद्भावना रखा गया है। समारोह में वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी रुचिका दीदी राजयोग मेडिटेशन का महत्व व तरीका बतलाएंगी और ब्रह्माकुमारी चंद्रकला दीदी सभा में राजयोग का व्यावहारिक अभ्यास कराएगी। संचालन ब्रह्माकुमारी दीक्षा दीदी करेंगी।

**पहली बार इंटरनेशनल शॉपिंग फेस्टिवल में 6 देशों से पहुंचे कारोबारी**

**कार्नर न्यूज**

# सात हजार रुपए किलो अफगानिस्तान का सफेद बादाम, दुबई के इत्र में 48 घंटे तक रहती है महक



**रायपुर।** महंगे बादाम खरीदने अब अफगानिस्तान और सजावटी सामान खरीदने तुर्की और थाईलैंड जाने की जरूरत नहीं, क्योंकि शहर में होटल बेबीलॉन इंटरनेशनल में लगे इंटरनेशनल शॉपिंग फेस्टिवल में अब सभी चीजें एक ही जगह पर मिल रही हैं। बड़ी संख्या में लोग विदेशी सामानों की खरीदारी करने फेस्टिवल में पहुंच रहे हैं। ज्वेलरी से लेकर कपड़े और ड्राई फ्रूट्स ने लोगों को आकर्षित किया है। बता दें कि फेस्टिवल में इंडोनिशया, ईरान, लेबनान से व्यापारी पहुंचे हैं, जो लोगों को विदेशी वस्तुओं के बारे में जानकारी दे रहे हैं। खास बात ये भी है कि यहां 500 रुपए से लेकर लाख रुपए तक की सामग्री उपलब्ध है। थाईलैंड की आर्टिफिशियल ज्वेलरी, मलेशिया की मसाजर चेयर, दुबई के परफ्यूम की बिक्री अधिक बताई जा रही है।



### दुबई के इत्र की हो रही है चर्चा

इंटरनेशनल शॉपिंग फेस्टिवल में इन दिनों दुबई के इत्र की खुशबू चारों ओर महक रही है। दुबई के परफ्यूम की खुशबू ने लोगों को दीवाना बना दिया है। दुबई का इत्र लॉन्ग लास्टिंग होता है। इसकी महक कपड़े से दो दिनों तक नहीं जाती। वहीं धुलाई के बाद भी इसकी लगभग 40 फीसदी खुशबू बची रह जाती है। व्यापारी ने बताया कि बॉडी पर इत्र लगाने के बाद यह लगभग 48 घंटे तक अपनी महक को बनाए रखता है। लॉन्ग लास्टिंग होने की वजह ही इसे भारत के इत्र से अलग बनाती है। इसकी कीमत 5 से 10 हजार तक है।

### सजावट के सामान की भी बिक्री

फेस्टिवल में तुर्की से सजावटी लाइट लेकर पहुंचे हैं। घर और होटल समेत ऑफिस सजाने के लिए इसकी खरीदारी कर रहे हैं। इसकी कीमत 5 हजार तक है। स्टॉलों पर हिंदी भाषा समझने के लिए अलग से एक व्यक्ति मौजूद है। इसके अलावा मलेशिया की मसाजर चेयर की पूछपरख अधिक है। यह फेस्टिवल 23 दिसंबर तक रहेगा।

### ममरा बादाम में तेज की मात्रा अधिक

अफगानिस्तान का ममरा बादाम सबसे अधिक खाया जाता है। फेस्टिवल में पहुंचे व्यापारी ने बताया कि अफगानिस्तान में इस वक्त ममरा बादाम की कीमत 5 हजार रुपए किलो है। इसी रेट में यहां भी बेचा जा रहा है। इस बादाम की खास बात यह भी है कि प्रोटीन, विटामिन और खनिज का एक बेहतरीन स्रोत हैं और इनमें फाइबर की मात्रा बहुत ज्यादा होती है। इसमें कैलोरी कम होती है और आम बादाम की तुलना में प्रोटीन की मात्रा ज्यादा होती है। ममरा बादाम में कैल्शियम, पोटेशियम, जिंक और मैग्नीशियम की मात्रा अधिक होती है। इसके अलावा सफेद बादाम की कीमत 7 हजार किलो है तो वही सुल्ताना खजूर 3 हजार, केसर एक ग्राम 500 रुपए में बिक रहा है। बड़ी संख्या में लोग अफगानिस्तान के ड्राई फ्रूट्स खरीदने पहुंच रहे हैं।



*श्रीकृष्ण जन्म की कथा का वर्णन करते हुए शास्त्रीजी ने बताया कि रामकथा हमें जीना सिखाती है और भागवत कथा जीवन को तारना सिखाती है।*

## रामकथा से मिलती है जीने की सीख भागवत सिखाती है जीवन तारना

धर्म लाइव



**रायपुर।** समता कॉलोनी के खाटू श्याम मंदिर में जिंदल एवं सिंघल परिवार की ओर से श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें राजस्थान के डीडवाना नागौर से पधारे आचार्य पं. संजय कृष्ण शास्त्री ने भगवान के वामनावतार, रामावतार एवं श्रीकृष्ण जन्म की कथा का वर्णन किया। इस अवसर पर बच्चों ने वामन अवतार एवं श्रीकृष्ण-वासुदेव की मनमोहक झांकियों का मंचन किया। श्रीकृष्ण जन्म की कथा का वर्णन करते हुए शास्त्रीजी ने बताया कि रामकथा हमें जीना सिखाती है और भागवत कथा जीवन को तारना सिखाती है।

### रसपान का अवसर मिलना परम सौभाग्य

कथा के मुख्य यजमान निर्मल सिंगल और नवरंग जिंदल ने बताया कि भागदौड़ भरी जिंदगी में हमारी ओर से भव्य कथा का आयोजन करना और इसके रसपान का अवसर मिलना परम सौभाग्य है। उन्होंने आग्रह किया कि अधिक से अधिक संख्या में बच्चों संग उनके माता-पिता को भी आना चाहिए, जिससे आने वाली पीढ़ी को मार्गदर्शन प्राप्त होगा। आगे जानकारी देते हुए बताया गया कि कथा 25 दिसंबर तक प्रतिदिन 3.15 से 6.15 बजे तक चलेगी।



# मेरे भगवान तो सृष्टि के कण-कण में विद्यमान, नृत्य से प्रेम श्रृंगार

## वार्षिकोत्सव में धार्मिक नृत्य नाटिका का मंचन

**रायपुर।** राजधानी स्थित महाविद्यालय एवं स्कूलों में वार्षिकोत्सव का सिलसिला जारी है। जहां रोजाना विभिन्न स्थानों पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा। इसमें भारतीय संस्कृतिक के विभिन्न समुदाय एवं वेस्टर्न संस्कृति पर भी नाटक एवं नृत्य की प्रस्तुति दी गई। इस वर्ष विद्यालय में भारतीय संस्कृति एवं प्राचीन कथाओं पर आधारित नाटकों का मंचन किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य छात्रों से सदाचार की जानकारी साझा करना है।

### शिव तांडव पर तालियों की गूंज

जटा टवी गलज्जल प्रवाहपावित स्थले...शिव तांडव स्तोत्र से उत्सव का प्रारंभ किया गया। जहां नन्ही छात्राओं की प्रस्तुति दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र रही। मनमोहक प्रस्तुति के दौरान तालियों की गूंज सभागार में सुनने को मिली। रामनगर स्थित दिशा स्कूल में शनिवार को वार्षिकोत्सव 'स्पंदन' का आयोजन किया गया। इसमें उपस्थित मुख्य अतिथि ने सोशल मीडिया की गिरफ्त से बचने की जानकारी साझा की। साथ ही पर्यावरण के महत्व एवं प्रकृति के प्रति प्रेमभाव को बढ़ाने के लिए संबोधित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि पुलिस अकादमी के डायरेक्टर डॉ. रतनलाल डांगी, दिशा एजुकेशनल सोसायटी से डॉ. एके तिवारी, प्राचार्य ममता सिंह व वाणिज्य विभाग से एसएच हैदरी शामिल हुए।

### देशभक्ति गीतों पर प्रस्तुति




बाल आश्रम एवं राष्ट्रीय विद्यालय समिति द्वारा महोत्सव का आयोजन किया गया। विद्यालय के छात्रों ने देशभक्ति, छत्तीसगढ़ी, बाबा गुरु घासीदास जयंती, गणेश वंदना के साथ रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। आगे दिसंबर, गुरु के जयंती...बोल गुरु घासीदास बाबा की जय....जोशीले अंदाज में सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

### रंगोली में जय जवान जय किसान का संदेश



पं. हरिशंकर शुक्ल स्मृति महाविद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं स्पर्धा का आयोजन किया गया। वार्षिकोत्सव के पहले दिन रंगोली, विभिन्न समुदाय का परिधान, नाटक प्रतियोगिता की शानदार प्रस्तुति दी गई। इसमें महिला हिंसा, महिला शक्ति, हसदेव बचाओ, अनेकता में एकता एवं देवी-देवताओं संबंधित मनमोहक नाटक का मंचन किया गया है।

### हिरण्यकश्यप पर नाटक का मंचन

कायर विष्णु... वह तो मेरे भय के कारण कहीं छुपा हुआ है...अंतिम समय अपने आराध्य का स्मरण कर ले...हिरण्यकश्यप ने जब भगवान विष्णु के भक्त प्रहलाद को मारने के कई प्रयत्न किए। तब प्रहलाद ने कहा, पिताजी मेरे भगवान तो सृष्टि के हर कण-कण में विद्यमान हैं...हिरण्यकश्यप और भक्त प्रहलाद के जीवन पर आधारित नाटक का मंचन विद्यार्थियों ने किया। इसमें प्रहलाद को विष्णु भक्ति से दूर करने के लिए हिरण्यकश्यप के प्रयास, होलिका दहन एवं भगवान के लीला का मंचन किया गया। इसमें कक्षा 6वीं से 12वीं तक के छात्राओं ने शानदार प्रस्तुति दी। सत्यम विहार स्थित शिवम एजुकेशनल अकादमी के वार्षिकोत्सव में नाटक, रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं संगीत की प्रस्तुति दी गई। इसमें कक्षा नर्सरी से बारहवीं तक के विद्यार्थी शामिल हुए। जहां मुख्य अतिथि आईआईटी कानपुर के प्रो. डॉ. शक्ति सिंह गुप्ता और विशिष्ट अतिथि डॉ. मंजुला श्रीवास्तव शामिल हुए। साथ ही चेयरमैन आरएन मिश्रा, डायरेक्टर पूर्वा पांडे, प्राचार्य सच्चिदानंद मिश्रा उपस्थित रहे। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रारंभ संगीत के साथ किया गया।



### राधा-कृष्ण की रासलीला

गोपियां आनी जानी हैं, राधा तो मन की रानी है, राधा कैसे न जले...सांस्कृतिक कार्यक्रम के उपलक्ष्य में श्री कृष्ण एवं राधारानी की रासलीला की प्रस्तुति देखने को मिली। राधा-कृष्ण के मनमोहक भजनों से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। पंजाबी ग्रुप के प्रतिभागियों द्वारा दिल देना दिल लेना, है सौदा...जैसे रिमिक्स पंजाबी गीत-संगीत पर प्रस्तुति दी गई। इस दौरान दर्शक भी झूमते नजर आए। श्रीमती प्रमिला गोकुलदास डागा कन्या महाविद्यालय के वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं फैशन शो भी हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रम के रंगारंग प्रस्तुति के बाद भारतीय एवं वेस्टर्न लुक में छात्राओं ने रैंप वॉक किया। महाविद्यालय में बतौर मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने विद्यार्थी जीवन से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए कहा कि जीवन में सभी व्यक्ति अपना लक्ष्य निर्धारित कर कार्य करते हैं, लेकिन लक्ष्य प्राप्ति के बाद भी निरंतर कार्य करते रहें।



### श्रीराम पर आधारित नृत्य नाटिका का मंचन



राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी...श्रीराम के जन्म से लेकर वनवास, सीताहरण एवं रावण के साथ युद्ध में विजय कथा का मंचन नृत्य नाटिका के माध्यम से किया गया। इसमें छात्राओं द्वारा सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति एवं शानदार करतब देखने को मिले। श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-2 में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें केंद्रीय विद्यालय संगठन क्षेत्रीय कार्यालय से सहायक आयुक्त विवेक कुमार चौहान मुख्य अतिथि एवं विद्यालय के प्राचार्य सुजीत सक्सेना शामिल हुए।

सिटी लाइव

## होम्योपैथी में बिना साइड इफेक्ट सस्ते में अच्छा इलाज उपलब्ध



**रायपुर।** सैकड़ों किताबें पढ़ने से जो ज्ञान नहीं मिल पाता, वह विशेषज्ञों के वक्तव्य से मिल जाता है। जिन्होंने अपनी पूरी जिंदगी चिकित्सा के क्षेत्र को समर्पित कर दी, रोगों को समझने में अपना बहुमूल्य समय दिया और रोगियों के उपचार में जिनका जीवन व्यतीत हुआ, सेमिनार के जरिए उनका अनुभव सुनने को मिलता है। होम्योपैथी जल्दी असर नहीं करती, लेकिन ऐसा नहीं है। होम्योपैथी लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाकर रोगों को ठीक करने में सक्षम है। होम्योपैथी में बिना साइड इफेक्ट के सस्ते में अच्छा इलाज उपलब्ध है। उक्त बातें मेडिकल स्टूडेंट्स को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने सिंधु पैलेस में होम्योपैथी रिसर्च एवं डेवलपमेंट एसोसिएशन द्वारा आयोजित नेशनल होम्योपैथी सेमिनार में कही।

### तात्कालिक और लम्बे समय तक मिल सकता है लाभ

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने सेमिनार को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं का विकास और विस्तार हमारा उद्देश्य है। होम्योपैथी चिकित्सा के बारे में लोगों के मन में एक धारणा बनी हुई है, लोग एलोपैथी के इलाज से थक जाते हैं, तब वे होम्योपैथी की ओर आते हैं। होम्योपैथी, नैचुरोपैथी, एलोपैथी सभी के बीच होम्योपैथी का अपना महत्व है। हमें होम्योपैथी का तात्कालिक और लंबे समय तक लाभ मिल सकता है। इस अवसर पर पवन साय, डॉ. सुनील कुमार दास, डॉ. विजय शंकर मिश्रा, डॉ. संजय शुक्ला, आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. प्रदीप के. पात्रा, डॉ. जेपी शर्मा, डॉ. सुशील हरिरामानी, डॉ. धीरेंद्र तिवारी सहित एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## खाटू श्याम के भजनों से फनकारों ने सजाया धाम, भक्ति में झूम उठे लोग

लखदातार सेवा समिति रायपुर ने भक्तों को दिया खुशनुमा माहौल





**रायपुर।** श्री अग्रसेन धाम में आकर्षक अंदाज में सजाए गए श्री खाटू श्याम धाम के सामने भक्तों का जनसमूह आस्था की डुबकी लगाता नजर आया। कुछ ऐसा ही माहौल शनिवार की रात अग्रसेन धाम परिसर में भजन संध्या की सजाई गई श्रृंखला के दौरान देखने को मिला। तुषार चौधरी ने साथी हमारा कौन बनेगा, तुम न सुनोगे तो कौन सुनेगा...,जैसे कई कृष्ण भक्ति से ओतप्रोत भजनों की बेजोड़ प्रस्तुति से लोगों को मंच भी झूमने को विवश किया। भक्ति के लिए सजाई गई भजन संध्या ने मंत्रमुग्ध किया। लोगों को भक्ति के इस उत्सव में शामिल होने के लिए माहौल देने में भी कोई कसर नहीं छोड़ी।

### सावरी सूरत ये मोहन दिल दीवाना

सुरभि चतुर्वेदी भी इसे उत्सव का रूप देने का प्रयास किया। उन्होंने सांवरी सूरत ये मोहन दिल दीवाना हो गया..., काली कमली वाला मेरा यार है..., जैसे कई भजनों की ऐसी श्रृंखला सजाई कि इसमें लोग भक्ति में झूमते और उत्सव मनाते नजर आए। इसमें हर वर्ग के लोग शामिल थे। एक वर्ग ऐसा भी था, जो इस संगीत के महोत्सव डूबा हुआ था। इस बीच हर्षित सिंघानिया, अमित लाहोटी, मयंक अग्रवाल और विनय अग्रवाल ने इसे महोत्सव की तरह सजाने के लिए पहल की। व्यवस्था बनाने की जिम्मेदारी भी निभाई।



### भक्ति के महोत्सव की जानकारी

भजनों की एक से बढ़कर एक प्रस्तुति का दौर आगे भी चला। इसमें सत्यनारायण नमन, अमोल-शुभम पारासर और प्रियांशु मित्तल की भक्ति संगीत की प्रस्तुतियों का इंतजार रहा। वहीं हेमंत बृजवासी और बृजवासी ब्रदर्स जो 'इंडियाज गॉट टैलेंट' में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुके हैं, उनके भजनों पर लोग झूमने के लिए सर्द रात में भी जमे थे। हर फनकार ने लोगों को भक्ति के उत्सव का एहसास कराने में कोई कोताही नहीं की। इससे अग्रसेन धाम परिसर में उत्सव का माहौल बना।

## दो लाख कथा श्रोताओं के लिए तीन लाख वर्गफीट में आकार ले रहा पंडाल

**रायपुर।** सेजबहार में होने वाले श्री शिव महापुराण कथास्थल में तैयारी जोरों से चल रही है। जहां 24 दिसंबर से अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा के श्रीमुख से भक्तों को शिवकथा सुनने का अवसर मिलेगा। कथास्थल में कार्यों की अधिकता को देखते हुए विभागों का कार्यकर्ताओं में विभाजन भी किया गया है। आयोजन समिति के प्रमुख कमल देवांगन, विनोद देवांगन और समाज के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. ओमप्रकाश देवांगन ने बताया कि 35 विभागों का गठन करके सभी को दायित्व दिया गया है। 300 से अधिक वालंटियर्स और 50 बाउंसरों की टीम व्यवस्था बनाने के लिए तैनात की जाएगी।





### कल भव्य कलश यात्रा

श्री शिव महापुराण आयोजन समिति के सदस्य आरके शुक्ला ने बताया कि 23 दिसंबर को सुबह 9 बजे सेजबहार स्थित शिव मंदिर के पास स्थित तालाब से कलश धारण करके 1100 से अधिक माताएं और बहनें पीले वस्त्र धारण करके भव्य मंगल कलश यात्रा का हिस्सा बनेंगी। इसके लिए मंगल कलश सजाने का काम पूरा किया जा चुका है। इसके लिए 50 महिलाओं को जिम्मेदारी दी गई थी। सोमवार को करीब डेढ़ किलोमीटर दूर बनाए गए कथास्थल तक कलश यात्रा निकाली जाएगी।

### पंडाल के पास ही भोग-प्रसादी

दो लाख कथा श्रोताओं को बैठक व्यवस्था देने के लिए तीन लाख स्क्वेयर फीट में कथा पंडाल के साथ अन्य पंडाल भी बनाए जा रहे हैं। जहां रोज कथा श्रोता पं. मिश्रा से भगवान भोलेनाथ की कथा का अमृत रसपान कर सकेंगे। वही आयोजक समिति ने कथास्थल पर भोजन और स्वच्छ जल की पर्याप्त व्यवस्था के लिए जिम्मेदारी तय की है। सुबह से रात तक भोजन प्रसादी की व्यवस्था भी आयोजन स्थल के पास की जाएगी, ताकि बाहर से आने वाले भक्तों को किसी प्रकार की परेशानी न होने पाए।

आराधना

## दुष्टों का अंत करने के लिए मां भगवती लेती हैं विविध अवतार



**रायपुर।** शंकर नगर में आयोजित श्रीमद देवी भागवत पुराण कथा में महामाया मंदिर के भागवताचार्य पं. मनोज शुक्ला महाराज ने मां भगवती के विविध अवतारों में देवी शाकम्भरी, शताक्षी व सती देवी के प्राकाट्य की कथा एवं दुर्गम दैत्य का वध तथा ऋषि च्यवन की कथा विस्तार से सुनाई। बताया कि दक्ष प्रजापति की कई पुत्रियां थीं और सभी रूपवान, गुणवान थीं, लेकिन राजा दक्ष को उनसे संतोष नहीं था, वे चाहते थे कि उनकी एक ऐसी पुत्री हो, जो सर्व शक्ति संपन्न हो। इसके लिए राजा दक्ष मां भगवती का घोर तप करने लगे। तप करते हुए कई दिन बीत गए, दक्ष के तप से प्रसन्न होकर मां भगवती ने उन्हें दर्शन दिए और कहा कि मैं तुम्हारे तप से प्रसन्न हूं, तुम जैसी पुत्री चाहते हो, मैं स्वयं तुम्हारे यहां तुम्हारी पुत्री के रूप में जन्म लूंगी और मेरा नाम सती होगा।

### देवी मां की हजारों आंखों से आंसुओं की बारिश हुई

पं. मनोज शुक्ला ने देवी भगवती के शताक्षी व शाकम्भरी अवतार की कथा में बताया कि देवी भगवती दुष्टों का अंत करने के लिए विविध अवतार लेकर भक्तों की रक्षा करती हैं। एक समय दानवों के अत्याचार से वर्षों तक सूखा व अकाल देखकर मां देवी की हजारों आंखों से आंसुओं की बारिश हुई, जिससे फिर से सृष्टि पर हरियाली छा गई। इस वजह से माता का नाम शताक्षी पड़ा। देवी ने अपनी शक्तियों से कई प्रकार के शाक, फल व वनस्पतियों को प्रकट किया, जिससे देवी का नाम शाकम्भरी पड़ा। हर वर्ष पौष महीने की शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि को शाकम्भरी नवरात्रि मनाई जाती है।

## आईजीकेवी में जारी महोत्सव की श्रृंखला में बिखरे कला के रंग

# मड़ई में लोकगीत, नृत्य और लघु नाटिका की मची धूम, रंगोली-पोस्टर मेकिंग में छोड़ी कला की छाप

कार्नर न्यूज



**रायपुर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में जारी सांस्कृतिक युवा महोत्सव मड़ई की श्रृंखला में तीसरे दिन भी हर क्षेत्र और विधा में युवा प्रतिभागियों ने अपनी कला की छाप छोड़ी। एक तरफ जहां भाषण, वाद-विवाद व लघु नाटिका के माध्यम से नारी शिक्षा, उनके सामाजिक ताने-बाने को भी विभिन्न शीर्षक से जुड़ी नाट्य कड़ियों से मनोरंजक भी बनाया। इसका लुत्फ उठाने दर्शक दीर्घा में विश्वविद्यालय और विभिन्न कॉलेजों से आए एक हजार प्रतिभागियों की मौजूदगी ने इस मड़ई को महोत्सव का रूप दिया। शनिवार को भी आईजीकेवी के दो सभागार में उत्सव का माहौल रहा।





### युवाओं ने छोड़ी अभिनय की छाप

युवाओं ने तीसरे दिन मूक अभिनय से जहां देश में बढ़ते नशे के प्रभाव को अपनी एक्टिंग में दिखाया। भाषण, लघु नाटिका, रंगोली, पोस्टर मेकिंग, क्ले मॉडलिंग, डिजिटल फोटोग्राफी का प्रदर्शन भी किया। एकांकी, देशभक्ति गीत गायन, पश्चिमी एकल गीत गायन में छात्राओं की भागीदारी ज्यादा देखने को मिली। लोक एवं आदिवासी नृत्यों की श्रृंखला ने युवाओं के बीच लोक संस्कृति की छाप छोड़ी। इनकी हर प्रस्तुति पर पैनी नजर जमाए बैठे जजों ने निर्णय की तालिका दे दी। इनके ज्यादा जिन टीमों व प्रस्तुति को अव्वल स्थान मिला, ऐसे छात्र-छात्राओं का मुख्य अतिथि के हाथों सम्मान होगा।

### आज महोत्सव का समापन

चार दिवसीय मड़ई महोत्सव का समापन रविवार को शाम 4 बजे से कृषक सभागार में किया जाएगा। इसमें मुख्य अतिथि कृषि मंत्री रामविचार नेताम होंगे। अध्यक्षता आईजीकेवी के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल करेंगे। इस अवसर पर विभिन्न स्पर्धाओं के विजेता प्रतिभागियों को वे पुरस्कृत करेंगे।



## सिटी स्पोर्ट्स

### वन डे में छत्तीसगढ़ के आयुष ने बनाए शानदार 58 रन



**रायपुर।** बी सी सी आई द्वारा मेंस अंडर-23 स्टेट ए वनडे ट्रॉफी का आयोजन 15 दिसंबर से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का चौथा मैच शनिवार को त्रिवेन्द्रम में तमिलनाडु अंडर-23 टीम के विरुद्ध खेला गया। छत्तीसगढ अंडर-23 ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का नि ण ं य लिया।तमिलनाडु ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 50 ओवरों में 6 विकेट खोकर 328 रन बनाये। तमिलनाडु की ओर से ईश्वरन ने सर्वाधिक 90 रन बनाये। उनके अतिरिक्त विमल कुमार ने 57 रन तथा मानव ने 46 रन बनायें। छत्तीसगढ अंडर 23 टीम की ओर से वासुदेव बरेठ ने 2 विकेट, देव आदित्य सिंह, वरुण सिंह भुई तथा दीपक यादव ने 1-1 विकेट प्राप्त किए। 329 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी छत्तीसगढ टीम के खिलाड़ी 38.1 ओवरों में 156 रन बनाकर आल आउट हो गए। छत्तीसगढ की ओर से आयुश पांडे ने सर्वाधिक 58 रन बनाये, वहीं आशीष डहरिया ने 19 रनों का योगदान दिया। तमिलनाडु की ओर से विग्नेश ने 3 विकेट, लक्ष्य तथा कार्तिक ने 2-2 विकेट लिए। तमिलनाडु ने मैच 172 रनों से जीत लिया।

### अखिल भारतीय विद्युत टेटे में छत्तीसगढ़ उपविजेता




**रायपुर।** 46वीं अखिल भारतीय विद्युत पुरूष टेबल टेनिस स्पर्धा में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी को उपविजेता बनने का गौरव मिला है। छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी एक रजत और 2 कांस्य पदक जीतने में कामयाब रहे। 19 से 21 दिसंबर तक लखनऊ में आयोजित इस टूर्नामेंट मे 9 राज्यों की टीमों ने हिस्सा लिया। छत्तीसगढ़, उत्तरप्रदेश, कर्नाटक जिनको, कर्नाटक ट्रांसको , पश्चिम बंगाल, असम,तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, केरल की स्टेट पावर यूटिलिटीज की टीमों से मुकाबला कर छत्तीसगढ़ की टीम ने टीम इवेंट में रजत, सिंगल्स एवं डबल्स में कांस्य पदक हासिल किया। इस उपलब्धि के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के अध्यक्ष डॉ. रोहित यादव (आई.ए.एस) ने टीम को बधाई दी।

स्पर्धा में छत्तीसगढ़ टीम के पांच खिलाड़ी ने राज्य का प्रतिनिधित्व किया। टीम इवेंट के फाइनल मैच में रजनीश ओबेरॉय, समीर तिवारी, टी. पी सिंह, प्रशांत बापट व अनुराग शर्मा ने मुकाबला किया। टीम के मैनेजर सागर पिंपलापुरे एवं कोच संजीव केशकर ने बताया कि पिछले साल छत्तीसगढ के खिलाड़ियों ने टीम इवेंट व सिंगल्स में ही जीत हासिल की थी परंतु इस वर्ष डबल्स में भी टीम ने खिताब जीता है। यह हमारे लिए विशेष उपलब्धि है। समापन समारोह मे उत्तर प्रदेश स्टेट पावर कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक पंकज कुमार (आई.ए.एस) के मुख्य आतिथ्य में विजयी खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया।

### प्रशिक्षु जिला बैडमिंटन स्पर्धा में हुए सेमीफाइनल मुकाबले

**रायपुर।** प्रशिक्षु जिला बैडमिंटन स्पर्धा राजधानी के सप्रे शाला बैडमिंटन हॉल में जारी है। 11वर्ष



आयु समूह बालक वर्ग एकल सेमी फाइनल में रुआन बैद ने आरिज़ खान को 15-9,15-3 , ह्यांश राणा ने मोहित सोनी 15-8,15-7 से हराया। 13 वर्ष आयु समूह बालक वर्ग एकल क्वार्टर फाइनल में सूर्या नारायण सिंह ठाकुर ने केशव जैन को 15-11,11-15,15-5 से, भव्यंश देवांगन ने दिव्यांश गुप्ता को 15-6,15-9 से, गीतेश पटेल ने दिव्यांश आहूजा को 15-5,15-5,रुआन बैद ने सिद्धार्थ काकवानी को 15-11,15-9 से हराया। 15 वर्ष आयु समूह बालक वर्ग एकल- क्वार्टर फाइनल में हर्ष देशपांडेय ने यशांश गजेंद्र को 15-8,15-9 से ,नमन गुप्ता ने पुरुष गोलेछा को 15-13,15-13 से, रूचिर वाडुकर ने दर्शिल तन्ना को 15-13,14-16,15-7 से, विवेक जैन ने सूर्या नारायण सिंह ठाकुर को 15-6,15-9 से हराया। 19 वर्ष आयु समूह बालक वर्ग एकल क्वार्टर फाइनल में करण माधवानी ने रुद्राक्ष इंगल को 15-11,15-7 से, रूचिर वाडुकर ने विवेक जैन को 15-11,15-12 से, शौर्य मिश्रा ने रुद्राक्ष तिवारी को 15-11,16-14,हर्ष देशपांडेय ने नमन गुप्ता को 15-11,15-11 से हराया। 11 वर्ष आयु समूह बालिका वर्ग एकल-सेमी फाइनल में अनन्य निहाल ने मोक्षित साहू को 15-1,15-1 से हराया। 15 वर्ष आयु समूह बालक वर्ग एकल- सेमी फाइनल में आयशा खान ने अनिका शर्मा को 15-12,15-8 से ,कनक मालानी ने नादिरा सलमान को 15-6,15-3 से हराया। सीनियर आयु समूह बालिका वर्ग एकल- सेमी फाइनल में शुभदा अवस्थी ने भवानी धीरेंद्र को 15-9,15-8 से, आंशिक चौधरी ने मिताली मालानी को 15-13,15-9 से हराया।

लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी जोखिम है आंखों के लिए, तुरंत करें बदलाव

# आपकी आदतें आंखों को पहुंचाती हैं गंभीर नुकसान वक्त रहते नहीं किया सुधार तो जा सकती है रोशनी

अध्ययनों से पता चलता है कि लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी के कारण पूरे शरीर के साथ आंखों की सेहत पर भी असर हो सकता है। आइए जानते हैं कि किन कारणों से आंखों को नुकसान हो सकता है और इससे बचाव के लिए क्या प्रयास किए जा सकते हैं? आंखें हमारे शरीर का अनमोल हिस्सा हैं। यह दुनिया को देखने, समझने और अनुभव करने में मदद करती हैं। इन्हें स्वस्थ रखने के लिए हमें निरंतर प्रयास करते रहने की आवश्यकता होती है। हालांकि भागदौड़ भरी जिंदगी और खराब आदतों के कारण हम अक्सर अपनी



आंखों का ख्याल रखना भूल जाते हैं। अध्ययनों से पता चलता है कि लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी के कारण पूरे शरीर के साथ आंखों की सेहत पर भी असर हो सकता है। हमारी आंखें दुनिया को देखने का माध्यम हैं, लेकिन कुछ आदतें इन्हें धीरे-धीरे नुकसान पहुंचा सकती हैं। लगातार डिजिटल स्क्रीन का इस्तेमाल, गलत खानपान, और आराम की कमी जैसी आदतें आंखों के लिए गंभीर समस्याएं पैदा कर सकती हैं। अगर समय रहते इन आदतों को बदला न जाए, तो यह न केवल आपकी दृष्टि को प्रभावित कर सकती हैं, बल्कि आंखों की सेहत पर भी गहरा असर डाल सकती हैं। आइए जानते हैं कि किन कारणों से आंखों को नुकसान हो सकता है और इससे बचाव के लिए क्या प्रयास किए जा सकते हैं?



### आंखों की समस्याएं

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, हमारी आंखें बहुत नाजुक और संवेदनशील होती हैं। यही कारण है कि इनकी देखभाल हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। कुछ आदतों को सुधारकर आप अपनी आंखों को सुरक्षित और स्वस्थ रख सकते हैं। अगर आपको आंखों में कोई परेशानी महसूस हो तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। आजकल बच्चों में भी कम दिखाई देने और आंखों से संबंधित कई तरह की बीमारियों का खतरा देखा जा रहा है जो उनकी क्वालिटी ऑफ लाइफ को प्रभावित करता है। इसके अलावा उम्र बढ़ने के साथ आंखों की समस्याओं का जोखिम बढ़ ही जाता है जिसको लेकर सभी को सावधानी बरतनी चाहिए।



### लंबे समय तक डिजिटल स्क्रीन का इस्तेमाल नुकसानदायक

आजकल ज्यादातर लोग दिनभर कंप्यूटर, मोबाइल, या टीवी स्क्रीन के सामने समय बिताते हैं। लंबे समय तक स्क्रीन देखने से आंखें थकान महसूस करती हैं, जलन-खुजली हो सकती है इसे ₹डिजिटल आई स्ट्रेन₹ कहा जाता है। स्क्रीन पर अधिक समय बिताने से डिजिटल आई स्ट्रेन, ड्राई आई सिंड्रोम और धुंधला दिखने जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

### संतुलित आहार की कमी

विटामिन और मिनरल्स की कमी से आंखों की सेहत कमजोर हो सकती है। विशेष रूप से विटामिन ए, सी, और ई का अभाव आंखों की समस्याओं का कारण बन सकता है। यदि आप स्वस्थ और पौष्टिक चीजों का सेवन नहीं करते हैं तो इसका असर आंखों पर भी होने लगता है।

इस तरह की दिक्कतों से बचे रहने के लिए गाजर, पालक, ब्रोकली, और मछली जैसे पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य पदार्थ खाएं। ओमेगा-3 फैटी एसिड वाले फूड्स को अपनी डाइट में शामिल करें। पानी ज्यादा पिएं, जिससे आंखें हाइड्रेटेड रहें।

नींद की कमी संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। नींद पूरी न होने सेआंखें लाल, सूजी हुई, और थकी हुई दिखती हैं।

## घर से रहते हैं दूर तो आसान विधि से बनाएं मम्मी के जैसा प्लम केक, मिलेगी तारीफ

अगर आप अपने घर से दूर हैं और क्रिसमस पर कुछ खास बनाना है तो आप आसानी से अपनी मम्मी के जैसा केक बनाकर अपने दोस्तों को खिला सकते हैं। हालांकि इसमें मम्मी के हाथों जैसा प्यार तो नहीं होगा, लेकिन फिर भी इसे खाकर क्रिसमस का मजा कई गुना बढ़ जाएगा।

सबसे पहले अपने ओवन को 180 डिग्री सेल्सियस पर प्रीहीट करें। इसी बीच एक बड़े बाउल में मैदा, शक्कर, बेकिंग पाउडर, बेकिंग सोडा और नमक को अच्छे से मिलाएं।

एक बाउल में मक्खन लेकर उसे माइक्रोवेव में पिघला लें। अब गरम मक्खन को मैदा मिश्रण में डालें। इसके साथ ही अंडे और वैनिला एक्सट्रैक्ट भी डालें। इसके बाद सभी चीजों को अच्छे से मिलाएं।

अब इस मिश्रण में कटे हुए प्लम्स डालें



और अच्छे से मिलाएं। एक पैन में बटर लगाने के बाद इस केक बैटर को उसमें डाल लें। इस केक पैन को 45-50 मिनट तक बेक करें। बीच मे चाकू की मदद से चेक करते रहें कि केक सही से पक रहा है या नहीं। जैसे ही ये पक जाए तो इसे ठंडा होने के लिए माइक्रोवेव से निकालकर साइड में रख दें। आप चाहें तो केक बनाते वक्त उसमें ड्राई फ्रूट्स डाल सकते हैं। बस आपका प्लम केक तैयार है।

## बेडरूम की अलमारी में वास्तु अनुसार रखें अपना सामान

घर का हर स्थान का संबंध किसी न किसी ग्रह से होता है। साथ ही, हर स्थान किसी न किसी चीज का प्रतिनिधित्व करता है। ठीक ऐसे ही घर का बेडरूम वैवाहिक जीवन का प्रतीक माना जाता है। घर का हर स्थान का संबंध किसी न किसी ग्रह से होता है। साथ ही, हर स्थान किसी न किसी चीज का प्रतिनिधित्व करता है। उदाहरण के तौर पर घर का बेडरूम वैवाहिक जीवन का प्रतीक माना जाता है और बेडरूम का संबंध शुक्र ग्रह से बताया गया है।

### बेडरूम की अलमारी में क्या रखें?

वास्तु शास्त्र के अनुसार, बेडरूम की अलमारी में मुख्य रूप से 3 वस्तुएं अवश्य होनी चाहिए। यह तीन वस्तुएं हैंः सुहाग के सामान से जुड़ी कोई चीज जैसे कि सिन्दूर (सिंदूर के उपाय) की डिब्बी, बिंदी का पत्ता जो आप रोजाना लगाती हों, चूड़ियां आदि। ध्यान रखें कि सुहाग का वही सामान रखें जो रोजाना प्रयोग में आए। दूसरी वस्तु है शादी का जोड़ा। अक्सर लोग शादी के जोड़े को किसी बैग में बंद करके बेड में अंदर कहीं रख देते हैं जबकि ऐसा नहीं करना चाहिए। भले ही शादी (सुखी वैवाहिक जीवन के उपाय) के जोड़े को आप दोबारा प्रयोग में न लाएं लेकिन इसे हमेशा अपने बेडरूम की अलमारी में रखें। इससे वैवाहिक जीवन का तनाव खत्म होता है। तीसरी वस्तु है वह उपहार या चीज जो सास की तरफ से पहली बार मिली हो फिर चाहे वो गहने हों, कपड़े हों या फिर कुछ और।



## बच्चे को सांता के गिफ्ट का है इंतजार तो हो जाएं तैयार, खिल उठेगा चेहरा

अगर आपका बच्चा भी क्रिसमस डे पर गिफ्ट के इंतजार में है तो उसे कुछ खास तोहफे देकर खुश कर सकते हैं। इन तोहफों के लिए आपको जेब का बोझ बढ़ाने की जरूरत भी नहीं पड़ेगी। यहां बच्चों के लिए क्रिसमस डे के सस्ते गिफ्ट आइडियाज दिए जा रहे हैं।

ईसाई धर्म का प्रमुख पर्व क्रिसमस आने वाला है। साल का आखिरी त्योहार होने के कारण क्रिसमस डे को लेकर सभी लोग उत्साहित होते हैं। खासकर इस त्योहार को सेलिब्रेट करने का तरीका अधिकतर लोगों को पसंद आता है। क्रिसमस पर लोग चर्च जाते हैं। ईश्वर की प्रार्थना करते हैं। घर पर क्रिसमस केक और लजीज पकवान बनाए जाते हैं। लोग अपने रिश्तेदार और दोस्तों के घर जाते हैं और क्रिसमस डे की पार्टी करते हैं। बच्चे को क्रिसमस को लेकर सबसे अ धि क उत्साहित होते हैं। इसका एक कारण है तोहफे मिलना।



पारंपरिक तौर पर माना जाता है कि क्रिसमस की पूर्व संध्या को सांता क्लॉज आते हैं और बच्चों के लिए तोहफे छोड़कर चले जाते हैं। ऐसे में बच्चे इस उम्मीद के साथ क्रिसमस डे और सांता का इंतजार करते हैं कि उन्हें तोहफे मिलेंगे। तोहफों के लिए उत्साहित बच्चे की खुशी को दोगुना करने का जिम्मा माता-पिता के हाथ में होता है जो उनके लिए पसंदीदा तोहफे लाते हैं।

अगर आपका बच्चा भी क्रिसमस डे पर गिफ्ट के इंतजार में है तो उसे कुछ खास तोहफे देकर खुश कर सकते हैं। इन तोहफों के लिए आपको जेब का बोझ बढ़ाने की जरूरत भी नहीं पड़ेगी। यहां बच्चों के लिए क्रिसमस डे के सस्ते गिफ्ट आइडियाज दिए जा रहे हैं।

### पसंदीदा खिलौना

हर बच्चे को खिलौने पसंद होते हैं। अगर आपका बच्चा खिलौने खेलने की उम्र में है तो तोहफे में उसे टॉय देने में कोई हर्ज नहीं। अधिकतर बच्चियों को सॉफ्ट टॉय पसंद होते हैं, वहीं लड़के कार या अलग-अलग तरह के व्हीकल से खेलने का शौक रखते हैं। आप भी उनकी पसंद के अनुरूप खिलौने तोहफे में दे सकते हैं।

### कलरिंग सेट

बच्चों को कलात्मक बनाने और उसे अच्छी एक्टिविटी में व्यस्त रखने के लिए कलरिंग सेट बेहतर विकल्प हो सकता है। तीन साल के बच्चों से लेकर 14-15 साल की आयु के बच्चे कलरिंग सेट को उत्साह के साथ इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे बच्चे में रचनात्मकता आती है। फोकस बढ़ता है और मानसिक स्वास्थ्य बेहतर रहता है।

### बोर्ड गेम्स

बच्चों के लिए बोर्ड गेम्स बेहतर विकल्प हो सकता है। चेस,कैरम, लूडो या ऑल इन वन बोर्ड गेम क्रिसमस पर तोहफे में देकर बच्चे को खुश कर सकते हैं। इस तरह के गेम्स उनके दिमाग को तेज बनाते हैं और याददाश्त बेहतर करने में मदद कर सकते हैं।



















## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## जेक गिलेनहाल की दुनियाभर में है तगड़ी फैन फॉलोइंग



एक्शन फिल्मों का क्रेज हर वर्ग के दर्शकों को होता है। रोमांस-कॉमेडी से इतर जिन लोगों को एक्शन फिल्मों का शौक होता है कि वह हॉलीवुड का रुख करते हैं। आज हम आपको एक ऐसी शख्सियत के बारे में बताने जा रहे हैं, जो न केवल अपनी एक्टिंग से बल्कि अपनी एक्शन फिल्मों से दर्शकों के दिलों में इस कदर रच-बस गए हैं कि लोग उन्हें स्क्रीन पर देखने के लिए बेताब रहते हैं। हम बात कर रहे हैं जेक गिलेनहाल की। वह हॉलीवुड के लोकप्रिय अभिनेता में से एक हैं, उन्होंने अपने अभिनय करियर की शुरुआत बचपन में 'सिटी स्लिकेर' से की थी। यही नहीं, अभिनेता का परिवार भी फिल्मी बैकग्राउंड से ताल्लुक रखते हैं। जेक के पिता स्टेफेन गिलेनहाल फेमस निर्देशक हैं और उनकी माता नाओमी फोनेर स्किप्ट राइटर है। जेक ने खुद के दम पर अपनी पहचान बना ली है। 1990 के दशक से, जेक गिलेनहाल डोनी डार्को, द डे आफ्टर टुमॉरो और जारहेड जैसी विभिन्न फिल्मों में एक प्रमुख अभिनेता रहे हैं। उन्होंने 1991 की कॉमेडी सिटी स्लीकर्स में बिली क्रिस्टल के बेटे के रूप में अपनी बड़ी स्क्रीन यात्रा शुरू की और बाद में अक्टूबर स्काई में अपनी भूमिका के बाद पहचान हासिल की। जैक की ज्यादातर फिल्में उनके पिता ने निर्देशित की है। जेक अपनी फेमस फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। इसमें अक्तूबर स्काई, ब्रोकबैक माउंटेन , प्रिंस ऑफ पर्शिया , लव एंड अदर ड्रग्स, नाईट क्रॉलर, नोक्टर्नल एनिमल्स जैसी बेहतरीन फिल्म में शानदार अभिनय किया हैं । बता दें कि जेक जिलेनहाल की फिल्म 'रोड हाउस' अमेजन की सबसे बड़ी लॉन्च बनी थी। इस फिल्म को 50 मिलियन दर्शकों ने देखा था।

### टॉलीवुड

## आज से धूम मचाएगा 'मैक्स' का ट्रेलर सुदीप की फिल्म का नया पोस्टर भी जारी




साउथ अभिनेता किच्चा सुदीप इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'मैक्स' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। वे लगातार इस फिल्म के प्रचार में भी लगे हुए हैं। वहीं, निर्माताओं ने अधिकारी पोस्ट साझा करते हुए फिल्म के ट्रेलर की रिलीज की तारीख से भी पर्दा उठा दिया है। साथ ही उन्होंने फिल्म का नया पोस्टर भी जारी किया है।निर्माता फिल्म के लिए प्री-रिलीज इवेंट की योजना भी बना रहे हैं। वहीं, शुक्रवार, 20 दिसंबर को 'मैक्स' के निर्माताओं ने पोस्ट साझा करते हुए बताया कि फिल्म का ट्रेलर 22 दिसंबर को रिलीज होगा। इसके साथ ही उन्होंने ट्रेलर रिलीज के समय का भी खुलासा किया। निर्माताओं ने बताया कि 'मैक्स' का ट्रेलर 22 दिसंबर को सुबह 11.08 बजे रिलीज होगा। फिल्म के ट्रेलर में 'मैक्स' की कहानी और किच्चा सुदीप के एक्शन दृश्यों की भी झलकियां दिखाई जाएंगी।

वहीं, फिल्म के नए पोस्टर की बात करें तो किच्चा सुदीप दमदार अंदाज में एक पुरानी टूटी-फूटी बस के ऊपर खड़े हैं। एक हाथ में उन्होंने गिलास पकड़ रखा है तो वहीं खून से लथपथ किच्चा ने एक हाथ में गन भी थामी हुई है। इससे पहले 16 जुलाई को रिलीज हुई फिल्म के ट्रेलर में किच्चा सुदीप एक्शन अवतार में नजर आए थे।

'मैक्स' का निर्देशन विजय कार्तिकेय ने किया है और इसे 2023 के अंत या 2024 की शुरुआत में रिलीज किया जाना था, लेकिन फिल्म के निर्माण में देरी हुई। फिर इसकी रिलीज को क्रिसमस तक टाल दिया गया। इस फिल्म का संगीत बी अजनीश लोकनाथ ने तैयार किया है। वहीं, छायांकन शेखर चंद्रा ने किया है। यह फिल्म 25 दिसंबर, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### भोजपुरी

## कल्याणी की दो चोटी पर फिदा हुए खेसारी झन्नाटेदार 'सुना ए करेजा' से झूम उठेगा मन



पवन सिंह के बाद अब खेसारी लाल यादव का नया धमाकेदार गाना 'सुना ए करेजा' रिलीज हो गया है। पवन सिंह के गाने 'बियाहल महिला' ने जहां 24 घंटों में धमाकेदार 18 लाख व्यूज बटोरे हैं, वहीं लगता है कि खेसारी लाल यादव का यह नया गाना इससे भी आगे जाने वाला है। यूट्यूब पर शुक्रवार को 'निमन भोजपुरी' चैनल पर रिलीज 'सुना ए करेजा' गाने को खबर लिखे जाने तक 5 घंटे में ही 2.31 लाख से अधिक बार देखा जा चुका है। गाना झन्नाटेदार संगीत वाला है, जिसे सुनकर आपका दिल झूमने लगेगा। इस गाने को खेसारी ने शिल्पी राज के साथ मिलकर गया है।

एक मस्तीभरा भोजपुरी डांस सॉन्ग है। इसके म्यूजिक वीडियो में खेसारी लाल यादव के साथ खूबसूरत कल्याणी सिंह नजर आ रही हैं। गाने में कल्याणी की दो चोटी पर हरफनमौला खेसारी फिदा हैं। वह उन्हें छेड़ रहे हैं, कल्याणी भी बराबर जवाब दे रही हैं। दोनों की केमिस्ट्री इस गाने की सबसे बड़ी खूबसूरती है। इस नए भोजपुरी गाने के बोल गीतकार कृष्णा बेदर्दी ने लिखे हैं। जबकि संगीत से सजाने का काम आर्या शर्मा ने किया है। म्यूजिक वीडियो के डायरेक्टर और कोरियोग्राफर लक्की विश्वकर्मा हैं। खेसारी के इस गाने की रिलीज के बाद जहां फैंस इसकी जमकर तारीफ कर रहे हैं, वहीं पवन सिंह के गाने की सफलता के बाद फैंस में एक कंपीटिशन भी दिख रहा है।

## मिश्का का जलवा




न्यूयॉर्क फैशन वीक के दौरान मॉडल बैडले मिश्का ने रनवे पर अपना जलवा बिखेरा। अरसे से मार्क बैडले और जेम्स मिश्का न्यूयॉर्क के रनवे पर शानदार ढंग से फैशन की नुमाइश करते आ रहे हैं। स्प्रिंग-समर 2024 डिजाइनरों की इस प्रस्तुति में एक दर्जन काली पोशाकें और एक लाल पोशाक शामिल थी। यहां डिजाइनरों को भरपूर प्रशंसक मिले। मॉडल भी सराहे गए।

## नाइट वेडिंग लुक के लिए बेस्ट रहेंगे लिपस्टिक के खास शेड्स

हर लुक में हम मेकअप करना पसंद करते हैं, लेकिन कई बार हम अपने लुक के हिसाब से परफेक्ट लिप शेड नहीं चुन पाते हैं और अपना लुक बिगाड़ लेते हैं। तो चलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं कुछ ऐसे लिप शेड्स जिन्हें आप खासतौर से नाइट वेडिंग लुक के लिए ट्राई कर सकती हैं।

फेयर से लेकर मीडियम स्किन टोन के साथ बोल्ड चॉकलेट ब्राउन कलर बेस्ट नजर आता है। इस तरह का कलर आप किसी भी सटल जैसे ऑफव्हाइट कलर की आउटफिट के साथ कैरी कर सकती हैं। वहीं आई मेकअप के लिए आप न्यूट्रल टोन के आई शैडो को चुनें। मिनिमल या नो मेकअप लुक को कैरी करना चाहती हैं तो ब्राउनिश पिंक कलर की न्यूड लिपस्टिक को अपनी वैनिटी में शामिल कर सकती हैं। इस तरीके के लुक में आप बेस मेकअप को ड्युई रखें। ऐसा करने से आपका चेहरा ग्लोइंग नजर आएगा। लिप्स को पाउटी और बोल्ड लुक देना चाहती हैं तो हॉट रेड कलर के लिप शेड को चुन सकती हैं। साथ ही आई मेकअप के लिए आप रेट्रो स्टाइल विंग आईलाइनर लगा सकती हैं। इस तरह का शेड फेयर से लेकर मीडियम स्किन टोन पर खूबसूरत नजर आता है। थोड़ा अलग और वार्म कलर के लिप शेड को वेडिंग लुक के लिए कैरी करना चाहती हैं तो इस तरह का लिप वार्म टोन का कलर आपके लुक को काफी खूबसूरत बनाने में सहायता करेगा। यह खूबसूरत लिप शेड खासकर मीडियम से लेकर डार्क स्किन टोन पर खूबसूरत नजर आता है।




## अपना प्यार पाने अपनाईए आसान डेटिंग टिप्स



फैशन

डेटिंग ये शब्द सुनने में कितना अच्छा लगता है। अगर आप भी किसी खास की तलाश में हैं, तो निराश न हों। इन आसान टिप्स की मदद से आप भी कुछ ही समय में अपना प्यार पा सकते हैं। वैसे मॉडर्न डेटिंग के रूल्स पहले की तुलना में बहुत हल्के हो चुके हैं। पचास साल पहले, यह उम्मीद की जाती थी कि आदमी पहला कदम उठाएगा, रेस्टोरेंट के बिल चुकाएगा, और आम तौर पर ड्राइविंग सीट पर वही होगा। लेकिन आज, पुरुषों के लिए डेटिंग के नियम कहीं अधिक रिलेक्स हैं। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि पुरुष अभी भी दबाव महसूस नहीं करते हैं। लड़कों के लिए फ्लर्टिंग, डेटिंग और रिलेशनशिप कोई आसान काम नहीं है, क्योंकि न तो वे इस पर किसी से सलाह मांग सकते हैं और न ही दोस्तों के साथ इन चीजों के बारे में खुलकर बात कर सकते हैं। यदि आप भी इनमें से एक हैं और अभी तक आपको अपना कोई खास नहीं मिला है, तो हम आपको बताने जा रहे हैं कुछ ऐसे टिप्स, जो पुरुषों के लिए बेहद मददगार हैं।



### अपने आप को बाहर निकालें

किसी खास से मिलना लगभग असंभव हो जाता है, यदि आप खुद को अपनी स्थिति से बाहर नहीं निकालते हैं। हो सकता है कि आपका दिल पहले कभी टूट गया हो या आप शर्म महसूस कर रहे हों-आपकी झिझक का कारण जो भी हो, यह महत्वपूर्ण है कि आप इससे बाहर आएं और और नए लोगों से मिलना शुरू करें। याद रखें कि डेटिंग के लिए आपको संवेदनशील होने और नए अनुभवों के लिए खुले रहने की आवश्यकता है।

### लोगों से ऑनलाइन और वास्तविक जीवन में मिलें

हो सकता है कि आप डेटिंग ऐप्स की दुनिया में जाने के बजाय लोगों से व्यक्तिगत रूप से मिलना पसंद करते हों। लेकिन अगर आप जवान हैं, तो किसी अजनबी के साथ व्यक्तिगत रूप से बातचीत शुरू करने का विचार अच्छा और बुरा दोनों हो सकता है।

इसलिए किसी से मिलने का सबसे अच्छा तरीका है कि आप दोनों एक दूसरे को समझने का प्रयास करें। कुछ ऑनलाइन डेटिंग सेवाओं का आप लाभ उठा सकते हैं ।

## पार्टी में दिखना है सबसे खास तो पहनें ये ट्रेंडी एक्सेसरीज

पार्टी पर दिखना है सबसे खूबसूरत तो आपको कुछ ट्रेंडी एक्सेसरीज जरूर खुद के लिए खरीदना चाहिए। बात चाहे क्रिसमस त्यौहार की हो या दिसंबर की किसी भी पार्टी की, हम अपनों के बीच होते हैं। ऐसे में आपको खुद के लिए कुछ ट्रेंडी एक्सेसरीज जरूर खरीदना चाहिए।

### गोल्डन बालियां

इन दिनों गोल्डन बालियां का क्रेज चल रहा है। ऐसे में आप गोल्डन कलर की बालियां भी खुद के लिए खरीद सकती हैं। गोल्डन बालियां काफी ज्यादा खूबसूरत लगते हैं। इसे आप ड्रेस या फिर जींस के साथ भी पहन सकती हैं।

### पेंडेंट पहने

आप डीप नेक ड्रेस कैरी कर रही हैं तो आपको इस ड्रेस के साथ पेंडेंट जरूर कैरी करना चाहिए। लाइट वेट पेंडेंट आपको आसानी से मिल जाएगा। कोशिश करें की आप सिल्वर कलर का पेंडेंट खुद के लिए खरीदें। बजट में होने के साथ ही इस तरीके के पेंडेंट आपको आसानी से मिल भी जाएगा।



### हाथों में ब्रेसलेट

अगर आपने कुछ भी एक्सेसरीज कैरी नहीं किया है तो आपको अपने हाथों में घड़ी के साथ ही ब्रेसलेट भी पहन लेना चाहिए। यह आपके लुक को पूरे तरीके से चेंज कर सकता है। गोल्डन या सिल्वर कलर का ब्रेसलेट ही खरीदें।

पार्टी की थीम से मैचिग आप चाहे तो डिज़ाइनर हेयर बैंड भी खरीद सकती हैं। डिज़ाइनर हेयर बैंड काफी स्टाइलिश लगता है। इस तरीके के हेयर बैंड को आप चाहे तो खुद के लिए खरीद सकती हैं।

## सर्दियों में साड़ी के साथ स्वेटर को मिक्स मैच करके स्टाइल करें ब्लाउज, दिखेंगी खूबसूरत

साड़ी स्टाइल करना हर लड़की को पसंद होता है। लेकिन सबसे ज्यादा दिक्कत सर्दियों में होती है, जिसके लिए आप इन स्टाइल टिप्स को फॉलो कर सकती हैं।साड़ी स्टाइल करना हर लड़की पसंद करती है। इसके लिए अलग-अलग डिजाइन की साड़ियां खरीदती हैं ताकि वो सबसे अलग और खूबसूरत लगे। लेकिन सर्दियों में ऐसा नहीं होता है क्योंकि उसमें इसे स्टाइल करना थोड़ा सा मुश्किल हो जाता है। ऐसा इसलिए क्योंकि समझ नहीं आता है कि साड़ी के साथ ब्लाउज को कैसे वियर करें ताकि सर्दी न लगे। इसके लिए जरूरी है कि आप यहां बताए गए हैक्स को ट्राई करें। इससे आपका साड़ी लुक काफी अच्छा नजर आएगा।

### ब्लाउज कलर से मैच कर स्टाइल करें स्वेटर

अगर आपको साड़ी में स्टाइलिश लगना है तो इसके लिए आपक सर्दियों में ब्लाउज के कलर के मैचिंग स्वेटर को खरीदें। इस बात का ध्यान रहे कि ये स्लीवलेस हो ताकि बाजू पर बने डिजाइन या फिर पैटर्न अच्छे से हाईलाइट हो सके। इस तरीके के स्वेटर को आप ब्लाउज के ऊपर वियर करें।



### एक्सेसरीज को करें एड

इस लुक को और ज्यादा खूबसूरत बनाने के लिए साड़ी के साथ एक्सेसरीज को मिक्स मैच करें। इसके लिए (फुल स्लीव्स ब्लाउज) आप साड़ी के कलर से मैचिंग एक्सेसरीज वियर कर सकती हैं वरना आप चाहे तो कॉन्ट्रास्ट में भी ज्वेलरी वियर कर सकती हैं।

कार्नर न्यूज

### कैजुअल कपड़े भी होते हैं दोस्तों के साथ यादें संजोने वाले

## कैजुअल स्टाइल में भी कर सकते हैं अपग्रेड, शान के साथ जीने ये तरीके आएंगे आपके काम

*कैजुअल कपड़ों को चुनने की बारी आती है तो हमें कुछ ऐसे ही काम याद आते हैं। फॉर्मल कपड़ों के बने बनाए नियमों को तोड़कर आपको आजादी से हर पल का मजा लेने का मौका देते हैं ये कैजुअल कपड़े।'वर्क फ्रॉम होम' वाले दौर में फॉर्मल के मुकाबले कैजुअल कपड़े ज्यादा ही पहने जा रहे हैं। ऐसे में ये जरूरी है कि हम इन्हें पहनने के कुछ खास टिप्स जान लें। पहचान लें कि कैजुअल कपड़ों के बेस्ट कॉम्बिनेशन क्या हैं? कैजुअल कपड़ों के रंग कैसे होने चाहिए?, कैजुअल ड्रेसिंग के लिए कौन-कौन सी बातें रखें याद? या पहले के मुकाबले अब कैजुअल ड्रेसिंग के नियम कैसे बदले हैं? जरूर आपके पास भी कुछ सवाल होंगे।*



### फिटिंग है जरूरी

आमतौर पर हम सभी लोग ऑफिस वाले फॉर्मल कपड़ों की ही फिटिंग का ध्यान रखते हैं। पैंट की कमर और पैटर्न जैसी चीजें अपने हिसाब से इसलिए चुनते हैं क्योंकि इनमें आपके बॉडी टाइप के हिसाब से फिटिंग मिल जाती है। जबकि कैजुअल ड्रेसिंग में अपने आराम को ही अहमियत देते हैं। आप भी यही करते हैं तो बिल्कुल गलत करते हैं। फिटिंग का ध्यान आपको फॉर्मल कपड़ों में भी रखना होगा। जैसे पैंट की हेम , क्रोच कम्फर्ट का ध्यान रखते हुए फिट होने ही चाहिए।

### शर्ट का अंदाज

बात फिटिंग की हो तो ज्यादातर पुरुष शर्ट अपने साइज की खरीद लेना ही जिम्मेदारी मानते हैं। जबकि शर्ट की फिटिंग भी जब तक सही नहीं होगी, आपका कैजुअल लुक सही नहीं आएगा। कई बार यही शर्ट बैगी लुक देने लगती है, या फिर हाफ शर्ट की बाहें बड़ी होती हैं और हाथ उठाने पर अंदर तक नजर चली जाती है।

### शायद ये अच्छा लगे या वो

कपड़ों के साथ प्रयोग करते रहना, आजकल की जरूरत है। फैशन का फंडा उन्हीं लोगों को साफ हो पाता है, जो स्टाइल के साथ प्रयोग करते रहते हैं। कैजुअल कपड़ों के साथ भी यही करना होता है।

आप सिर्फ शर्ट, पैंट या शॉर्ट्र्स के साथ ये लुक लें, ये जरूरी नहीं है। इसके लिए आप स्पोर्ट्र्स जैकेट पहनिए तो ऐसी शर्ट भी जरूर लीजिए जो कैजुअल ब्लेजर के साथ ही अच्छी लगे। याद रखिए प्रयोग करने के लिए आपको नए से नए फैशन को अपनाने की हिम्मत जुटानी होगी। और इस दौरान ऐसे कपड़े भी पहनने होंगे, जिन्हें पहनने के बारे में आपने कभी सोचा भी नहीं था। हां, कई बार ये अच्छा लगेगा और कई बार नहीं भी। पर इस बात से घबराइए नहीं बल्कि प्रयोग करते रहिए।

### कलर कौन सा चुनेंगे

कैजुअल कपड़ों को चुनते समय कलर का चुनाव भी सोच समझ कर करना होता है। इसको यूंही जो पसंद आए, या 'उस पर अच्छा लग रहा है तो मुझ पर क्यों नहीं' जैसी बातें सोच कर चुनना सही नहीं है।

